RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष-10 | अंक-284 | जयपुर, शनिवार, 11 अप्रैल 2026 | मूल्य-4 रुपये

## पांटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलटी नाव, 10 लोगों की मौत

### गोताखोरों ने 12 लोगों को सुरक्षित बचाया

**150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब और मुक्तेश्वर से वृंदावन आया था**

मथुरा



लुधियाना पंजाब से वृंदावन आए 32 श्रद्धालुओं से भरी नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। इस हादसे में दस श्रद्धालुओं की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से 12 लोगों को बचा लिया है। इनमें एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया है। अन्य लोगों की खोज में सेना के जवान और गोताखोर जुटे हैं। नदी से निकाले 10 शवों की शिनाख्त हो गई है। हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। मौके पर बचाव कार्य जारी है। बताया कि 150 लोगों का दल लुधियाना, पंजाब, मुक्तेश्वर से वृंदावन आया था। शुक्रवार 3 बजे 32 लोग नाव में बैठकर यमुना नदी में सैर कर रहे थे। तभी केसी घाट पर श्रद्धालुओं की एक नाव पंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलट गई। पुलिस और प्रशासन ने मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। पुलिस और गोताखोरों ने नदी में डूबे लोगों को बचाने के लिए बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मथुरा डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने वृंदावन नाव हादसे में 10 लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि पंटून पुल से टकराने के कारण नाव के पलटने की सूचना है। इस मामले में नाव में सवार लोगों की सही संख्या की जानकारी ली जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश सिंह ने बताया स्थानीय गोताखोरों की मदद से राहत कार्य जारी है। 10 लोगों की दुखद मौत हो चुकी है। सेना के स्ट्राइक वन फोर्स के गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। एसडीएम ऋतु सिरोही ने हादसे की वजह नाव पर ओवरलोड बताते हुए कहा कि नाव पर जरूरत से ज्यादा लोग सवार थे।

हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति व शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एक्स पोस्ट में लिखा, मथुरा में नाव पलटने की घटना से अत्यंत दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मथुरा में नाव पलटने से हुई दुर्घटना से वह दुखी हैं। अपनों को खोने वाले लोगों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं! वह घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

### ओंकारेश्वर में नाव पलटने से 10 श्रद्धालु डूबे, सभी का रेस्क्यू

*खंडवा। मध्य प्रदेश के खंडवा स्थित प्रसिद्ध तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी में नाव पलटने से झारखंड के 10 श्रद्धालु डूब गए, जिन्हें रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। इनमें से दो लोगों की हालत गंभीर है। खंडवा के एसपी मनोज राय ने बताया कि झारखंड के रांची से 52 लोगों का जत्था शुक्रवार को ओंकारेश्वर आया था। दोपहर करीब 12 बजे अलग-अलग नाव से सभी लोग नर्मदा नदी में नौका विहार कर रहे थे। इसी दौरान एक नाव में सवार 10 लोग ब्रह्मपुरी घाट से संगम घाट की तरफ जा रहे थे। इसी बीच नवीन घाट के पास नाव चट्टान से टकरा गई। नाव का पटिया टूटने से उसमें पानी भर गया, जिससे नाव पलट गई।*

ईरान ने कहा- लेबनान में सीजफायर लागू होने तक कोई बातचीत नहीं

## शांति वार्ता पर संशय

तेहरान/ वाशिंगटन डीसी

ईरान ने पाकिस्तान में होने वाली सीजफायर डील में शामिल होने से इनकार कर दिया है। ईरानी मीडिया फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में सीजफायर लागू नहीं हो जाता वह बातचीत नहीं करेगा।

इससे पहले अमेरिकी वेबसाइट वॉल स्ट्रीट जनरल ने खबर दी थी कि ईरानी डेलिगेशन गुरुवार शाम पाकिस्तान पहुंच गया है। इसमें संसद अध्यक्ष गालिबाफ और विदेश मंत्री अराघची शामिल हैं। हालांकि फार्स न्यूज ने इसे फेक बताया।

इससे पहले 7 अप्रैल को अमेरिका और ईरान 2 सप्ताह के सीजफायर पर सहमत हुए थे। यह भी तय हुआ था कि दोनों देशों के नेता पाकिस्तान में मीटिंग के लिए मिलेंगे। बातचीत शनिवार को इस्लामाबाद में होनी है। इसके लिए अमेरिकी डेलिगेशन आज इस्लामाबाद पहुंचेगा।

इजराइली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्रई ने आरोप लगाया है कि हिजबुल्लाह एंबुलेंस का इस्तेमाल कर रहा है।



उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इजराइल अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत किसी भी सैन्य गतिविधि के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जिसमें एंबुलेंस और मेडिकल सुविधाओं का इस्तेमाल भी शामिल है। हालांकि, इजराइली सेना ने अपने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया है।

### भारत-जापान ने मिलकर काम करने का भरोसा जताया

होर्मुज में जारी तनाव के बीच भारत और जापान ने हालात को शांत करने और ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए मिलकर काम करने का भरोसा दिया है।

जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें पश्चिम एशिया की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर चर्चा की गई। जापान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों देशों ने स्थिति को सामान्य करने और ऊर्जा सप्लाई को बनाए रखने के लिए करीबी सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि इस बातचीत में होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों की स्थिति पर भी चर्चा हुई।

### हिजबुल्लाह ने इजराइली शहरों को निशाना बनाया


लेबनान से हिजबुल्लाह ने इजराइल के कई शहरों पर रॉकेट हमले किए हैं। इजराइली सेना के मुताबिक, आधी रात के बाद करीब 60 रॉकेट उत्तरी इजराइल की ओर दागे गए।

## गगनयान मिशन का दूसरा क्रू मॉड्यूल टेस्ट सफल

**चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी ऊंचाई से छोड़ा, पैराशूट के साथ समुद्र में सेफ लैंडिंग**

श्रीहरिकोटा

भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी में बड़ी कामयाबी मिली है। ISRO ने शुक्रवार को दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। यह टेस्ट गगनयान मिशन के लिए तैयार किए गए पैराशूट सिस्टम की असली परिस्थितियों की जांच करने के लिए किया गया। इसका मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट खुलने के प्रोसेस को चेक करना था। ये प्रोसेस मिशन के समय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी तय करेगा। टेस्ट के दौरान लगभग 5.7 टन वजनी डमी क्रू कैप्सूल को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी की ऊंचाई से छोड़ा गया। कैप्सूल ने समुद्र में सेफ लैंडिंग की।




## 2 कारें भिड़ीं, 6 मौतें, कॉन्स्टेबल का परिवार खत्म

कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भीषण सड़क हादसे में कॉन्स्टेबल मुनेंद्र नेताम के परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा नेशनल हाईवे-30 पर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने टक्कर से हुआ।

जानकारी के मुताबिक, उड़कुडा निवासी नेताम परिवार गुरुवार रात करीब 11 बजे चीवरांज में शादी से लौट रहा था। नाथिया नवागांव के पास उनकी कार दूसरी कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।



मृतकों में मुनेंद्र नेताम की पत्नी कुंती नेताम, दामाद शगुनदास नेताम, बहन मकतुला नेताम और 7 साल का भांजा वंश नेताम के साथ दो रिश्तेदार भी शामिल हैं। हादसे में दोनों वाहनों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रायपुर रेफर किया गया है। टक्कर में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

दूसरी कार में सवार दो युवक घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि उनकी कार तेज रफ्तार में थी और ट्रक को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर से टकरा गई।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचा और घायलों को फौरन अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। एसपी निखिल राखेचा ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। दोनों वाहनों के 3 घायलों को रायपुर रेफर किया गया है।

एसपी ने बताया कि नेशनल हाईवे 30 पर दो कारों की टक्कर में छह लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी में रखवाया गया, पीएम के बाद परिजनों को शव सौंपा जाएगा।

## जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफा

**घर में 500 के नोटों के बंडल जले मिले थे, सुप्रीम कोर्ट की जांच में दोषी**

प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को इस्तीफा भेज दिया है।



14 मार्च 2025 को उनके दिल्ली स्थित सरकारी घर में आग लगने के दौरान 500-500 के नोटों के बंडल जले मिले थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली थी, लेकिन उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी। मामले की जांच पूरी होने तक उन्हें न्यायिक कामों से दूर रखा गया था। जस्टिस वर्मा ने 9 अप्रैल को इस्तीफा भेजा था, लेकिन न्यूज एजेंसी ने अगले दिन, यानी 10 अप्रैल को इसकी जानकारी दी।

जस्टिस वर्मा ने इस्तीफे में लिखा है- मैं आपके सम्मानित कार्यालय को उन कारणों से परेशान नहीं करना चाहता, जिनकी वजह से मुझे यह पत्र लिखना पड़ रहा है। लेकिन गहरे दुख के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

## तंबू में सो रहे सात लोगों को ट्रेलर ने कुचला

**3 की मौत, 3 गंभीर**

झुंझुनूं

झुंझुनूं जिले के गुढ़ागौड़जी क्षेत्र में एक ट्रेलर ने तंबू में सो रहे दो परिवार के 7 लोगों को कुचल दिया। हादसे में मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की हालत गंभीर है।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बिस्तर खून से सन गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया। हादसा नंगली दीप सिंह गांव में शुक्रवार सुबह 4 बजे हुआ। घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने गुढ़ागौड़जी थाने के बाहर प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। गुढ़ागौड़जी थानाधिकारी सुरेश रोलन ने बताया हादसा सिंघाना जाने वाली सड़क पर हुआ। यहां एक खेत में झुंझुनूं के सूरजगढ़ से आए 2 परिवारों के 12 लोग तंबू में सो रहे थे। ये लोग प्याज की खुदाई के लिए आए थे। शुक्रवार सुबह ड्राइवर ने ट्रेलर को रिवर्स करने के दौरान तंबू में घुसा दिया। इसमें डोड्डी (सूरजगढ़) के रहने वाली प्रियंका (13) पुत्री मुन्नाराम और बिजौली (गुढ़ागौड़जी) की मोहिनी उर्फ मोडी (12) पुत्री सुरेश की मौके पर मौत हो गई।



## जेजेएम घोटाला: पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल 13 तक एसीबी रिमांड पर

जयपुर

जल जीवन मिशन से जुड़े करीब 960 करोड़ के बहुचर्चित घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 ने पूर्व आईएएस एवं तत्कालीन अतिरिक्त जलदाय सचिव सुबोध अग्रवाल को 13 अप्रैल तक एसीबी की रिमांड पर भेज दिया है। अदालत द्वारा आरोपित को हाल ही भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद एसीबी ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। बाहर आकर सुबोध ने कहा कि उन्हें न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है, सत्यमेव जयते।

एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता के अनुसार एजेंसी ने 14 अप्रैल तक रिमांड की मांग करते हुए तर्क दिया कि आरोपित से विस्तृत पूछताछ कर घोटाले में शामिल अन्य व्यक्तियों की जानकारी जुटानी है। वहीं आरोपित पक्ष के अधिवक्ता ने पुलिस रिमांड का विरोध किया, लेकिन दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने सुबोध अग्रवाल को एसीबी रिमांड पर सौंप दिया। गौरतलब है मामले में एसीबी पूर्व में पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी समेत ठेका फर्म संचालकों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिन्हें बाद में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई।

## नीतीश कुमार और हरिवंश ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

नई दिल्ली

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने संसद भवन में उनको शपथ दिलाई। इस अवसर पर सदन के नेता और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश,



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे। 69 वर्षीय हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को पूरा होने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को उनको मनोनीत किया। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल पूरा होने के बाद एक सीट रिक्त हो गयी थी। राज्यसभा में 12 सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत करते हैं। इन सदस्यों को कला, साहित्य, विज्ञान, समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के आधार पर चुना जाता है।

प्रधानमंत्री ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार और राज्यसभा के निवर्तमान उपसभापति हरिवंश को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा नीतीश कुमार देश के अनुभवी नेताओं में से एक हैं।


बंगाल में बीजेपी ने जारी किया 'संकल्प पत्र'

## महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपए और 6 महीने में यूजीसी का वादा

कोलकाता

पश्चिम बंगाल में होने वाले दो चरणों के विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपना चुनावी घोषणा पत्र यानी 'संकल्प पत्र' जारी कर दिया है। शुक्रवार, 10 अप्रैल को कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल की जनता के लिए कई बड़े एलान किए। उन्होंने वादा किया कि अगर राज्य में बीजेपी की सरकार बनती है, तो अगले छह महीनों के भीतर समान नागरिक संहिता लागू कर दी जाएगी।

बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं और युवाओं को साधने के लिए बड़े वित्तीय वादे किए हैं।



अमित शाह ने घोषणा की कि बीजेपी सरकार आने पर बंगाल की महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, राज्य सरकार की नौकरियों और पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। वहीं, बेरोजगार युवाओं को भी हर महीने 3,000 रुपये की सहायता देने का संकल्प लिया गया है।

### घुसपैठियों पर जीरो टॉलरेंस और सुरक्षित सीमाएं

गृह मंत्री ने बंगाल की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए कहा कि बीजेपी घुसपैठियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाएगी। उन्होंने सीमाओं को सुरक्षित करने और राज्य में कानून का शासन स्थापित करने का भरोसा दिलाया। शाह ने स्पष्ट किया कि बंगाल की जनता डरी हुई है और अब वह दिल से बदलाव चाहती है।

### 45 दिनों में सातवां वेतन आयोग और अन्य बड़े एलान

कर्मचारियों को रिझाते हुए अमित शाह ने एलान किया कि सत्ता में आने के महज 45 दिनों के भीतर पश्चिम बंगाल में सातवां वेतन आयोग लागू कर दिया जाएगा। साथ ही, आयुष्मान भारत जैसी केंद्रीय योजनाओं को भी राज्य में तुरंत प्रभावी बनाया जाएगा। किसानों के लिए पीएम किसान योजना के तहत केंद्र के 6,000 रुपये के साथ राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त 3,000 रुपये की वार्षिक मदद दी जाएगी।

संकल्प पत्र जारी करते समय अमित शाह ने तृणमूल कांग्रेस (TMC) और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने फर्जी वादों और घुसपैठियों के साथ सांठगांठ के दम पर तीन कार्यकाल हासिल किए। शाह ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में बंगाल ने केवल निराशा देखी है और बीजेपी का यह संकल्प पत्र 'सोनार बांग्ला' बनाने का रोडमैप है।

अमित शाह ने बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए 'वंदे मातरम' संग्रहालय और रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर सांस्कृतिक केंद्र बनाने का भी वादा किया। बता दें कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में, 23 और 29 अप्रैल को होंगे। वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 38 करोड़ का 29.37 किलो सोना जब्त

**24 केन्याई महिलाएं गिरफ्तार, कपड़ों-बैग में छिपाकर ला रही थीं**

मुंबई


मुंबई एयरपोर्ट पर बुधवार को 29.37 किलो सोने के साथ 24 केन्याई महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने इनसे 37.74 करोड़ का सोना जब्त किया है। महिलाएं सोना कपड़ों और बैग में छिपाकर ला रही थीं। छ्त्रद्ध को इनपुट मिला था कि केन्या के नैरोबी से आने वाली कुछ महिला यात्री सोना लेकर मुंबई पहुंचेंगी। इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर 'धहाबू ब्लिट्ज' ऑपरेशन



चलाकर संदिग्ध यात्रियों को रोका गया। जांच में महिलाओं के पास से 29.37 किलो सोना बरामद हुआ। इसमें 25.10 किलो सोने की सिल्लियां और 4.27 किलो जेवर शामिल हैं।

एजेंसी के मुताबिक, महिलाओं को सोना छिपाने और एयरपोर्ट जांच से बचने के तरीके सिखाए गए थे। इससे साफ है कि काम एक संगठित नेटवर्क के जरिए किया जा रहा था, जो कैरियर्स के माध्यम से सोना भारत भेज रहा था।

# समाज और राष्ट्र में सत्यम, शिवम और सुंदरम की स्थापना करना ही संघ का उद्देश्य : भागवत



**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर में रेशीमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नागपुर महानगर के घोष पथक के इतिहास पर आधारित 'राष्ट्र स्वराधना' नामक हस्तलिखित ग्रंथ के लोकार्पण मौके पर सरसंघचालक डॉ.मोहन भागवत ने कहा कि संघ के घोषदल में विभिन्न वाद्य यंत्र होते हैं, जिनके स्वर और ध्वनि अलग-अलग होते हुए भी स्वयंसेवक एक ही ताल पर चलते हैं। इससे समन्वय और एकता की भावना विकसित होती है। जब कोई कार्य मन और पूरी निष्ठा के साथ होता है, तब उसका परिणाम इसी रूप में प्रकट होता है और सत्यम-शिवम-सुंदरम का अनुभव होता है। समाज और राष्ट्र में सत्यम, शिवम और सुंदरम की स्थापना करना ही संघ का उद्देश्य है। इस मौके पर विदर्भ प्रांत संघचालक दीपक तामशेट्टीवार, सह संघचालक श्रीधरजी गाडगे, महानगर संघचालक राजेश लोया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नागपुर महानगर घोष वादकों ने विभिन्न रचनाएँ एवं प्रात्यक्षिक प्रस्तुत किए। सरसंघचालक भागवत ने कहा कि संघ के सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य संस्कारों का निर्माण करना है। सुदृढ़ शरीर और संस्कारित मन के समन्वय से गुणवत्तापूर्ण जीवन की दिशा में आगे बढ़ना ही हमारा लक्ष्य है। इस दृष्टि से 'राष्ट्र स्वराधना' का हस्तलिखित इतिहास अत्यंत महत्वपूर्ण है। समय बीत जाता है, कार्य खड़ा हो जाता है, परंतु जो मौलिक गुणवत्ता शुरुआत में थी, उस गुणवत्ता को अंत तक बनाए रखना महत्वपूर्ण बात है। हमने कार्य विकट परिस्थिति में कैसे खड़ा किया और किस उद्देश्य से किया, इसका सदैव स्मरण हस्तलिखित ग्रंथ देने वाला है। स्वयंसेवक पेशेवर गायक या वादक न होते हुए भी, अपने दैनिक कार्यों को संभालते हुए, बिना सामने कागज रखे इतनी सारी रचनाएँ कैसे प्रस्तुत कर लेते हैं, इस पर लोगों को आश्चर्य होता है। परंतु चमत्कार करना संघ का उद्देश्य नहीं होता, वह स्वयं घटित हो जाता है। पूर्व स्वयंसेवकों के सद्गुण इन रचनाओं में मिलते हैं और दिखाई देते हैं। भाव तभी उत्पन्न होता है, जब वादक मनःपूर्वक वादन करता है। उन्होंने कहा कि संघ का काम किसी की कृपा से आगे नहीं बढ़ा और न ही किसी की अवकृपा से संघ का काम रुका है। यह सबकुछ लाखों स्वयंसेवकों के परिश्रम से साकार हुआ है। संघ को अपना मानकर संघ के विचार के अनुसार राष्ट्र का स्वरूप खड़ा करने में सभी स्वयंसेवकों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी, इसकारण संघ आज देश को दिशा दर्शन करने वाली शक्ति का रूप लेकर खड़ा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का इस वर्ष शताब्दी वर्ष है। संगठन के निरंतर कार्य को सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह कोई उत्सव (सेलिब्रेशन) नहीं है, बल्कि यह आत्मावलोकन का अवसर है पूर्वजों का स्मरण करते हुए और अधिक उन्नत स्थिति की ओर बढ़ने का प्रयास है। आज के स्वयंसेवकों की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने पूर्वजों के कार्यों का मूल्यांकन करें और स्वयं को उनके साथ तुलना कर आगे बढ़ें। पूर्वजों द्वारा किए गए कार्य को केवल सुरक्षित रखना ही नहीं, बल्कि उसे और अधिक उन्नत रूप में आगे ले जाना वर्तमान पीढ़ी का कर्तव्य है।

## झांसी में रूह कंपा देने वाले दोहरे हत्याकांड का खुलासा : गुजरात से लाई गई महिला की कुल्हाड़ी से हत्या, मासूम बेटे को जिंदा जलाया

झांसी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से रूह को कंपा देने वाली वारदात सामने आई है, जिसने सभी के दिलों को झकझोर कर रख दिया है। दरअसल एक शख्स ने अपनी प्रेमिका और उसके तीन वर्षीय मासूम बच्चे को गुजरात से झांसी लाकर बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। जहां महिला को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला, वहीं उसके मासूम बेटे को भूसे के ढेर में डालकर जिंदा जला दिया। इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा महिला की पचान होने के बाद बुधवार को हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उक्त घटना का पता 5 अप्रैल को चला था, जब झांसी जिले के लहचूरा क्षेत्र में सड़क किनारे एक महिला का शव बरामद हुआ। शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो सकी। बरौटा गांव के प्रधान रामप्रसाद ने पुलिस को बताया कि जिस घर के पास महिला का शव मिला, वह चतुर्भुज का है। पुलिस ने चतुर्भुज की पत्नी हेमलता से फोन पर संपर्क किया, जिसने खुलासा किया कि वह दिल्ली में है और उसके पति चतुर्भुज के गुजरात की नीलू नाम की एक महिला से संबंध हैं। हेमलता ने बताया कि चतुर्भुज नीलू को अपनी पत्नी की तरह रखता है और उसके साथ उसका तीन साल का बेटा कृष्णा भी रहता है।

## यूपी में किडनी के बाद अब लिवर ट्रांसप्लांट गिरोह से जुड़े दो नए टेलीग्राम ग्रुप मिले

लखनऊ(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में किडनी तस्करी के बाद अब लिवर ट्रांसप्लांट का लेकर खुलासा हुआ है। कानपुर पुलिस को गिरोह से जुड़े दो नए टेलीग्राम ग्रुप मिले हैं, जिसमें एक में लिवर ट्रांसप्लांट की जानकारी सामने आई। इस समूह में 700 से अधिक सदस्य हैं, जिसमें किडनी और लिवर से जुड़े दलाल और आरोपी शामिल हैं। इससे पुलिस का ध्यान अब मानव अंगों की व्यापक तस्करी की ओर बढ़ गया है। किडनी कांड से जुड़े बड़े आरोपी बागपत निवासी परवेज सैफी को हाल ही में जेल भेजा गया। उसके पास से 9.05 लाख बरामद हुए। जांच में पता चला कि गिरोह का सरगना गाजियाबाद का डॉ.रोहित अलग-अलग मोबाइल नंबरों के जरिए ऑपरेशन टीम, किडनी एजेंट और अन्य आरोपी सदस्यों से संपर्क करता था। उसकी सभी नंबरों की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकाली जा रही हैं। डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि पहले ही टेलीग्राम ग्रुप में किडनी डोनर से जुड़ी जानकारी मिली थी। अब लिवर डोनर वाले तीसरे ग्रुप की पहचान हुई है। गिरोह का दावा है कि यह लोग सिर्फ किडनी ही नहीं, बल्कि लिवर ट्रांसप्लांट भी करवा रहे थे।

## फिर सामने आया महबूबा का पाकिस्तान प्रेम...संघर्ष को रुकवाने के लिए दिया धन्यवाद

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर की राजनीति में अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को लेकर नई बहस छिड़ गई है, जिसमें पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती और वर्तमान सीएम उमर अबदुल्ला के बयान चर्चा का केंद्र में हैं। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच हालिया तनाव और संघर्षविराम को लेकर दोनों नेताओं ने अलग-अलग बयान दिए हैं। जहां उमर ने कहा कि मौजूदा संघर्ष की असली कुंजी अब भी अमेरिका के हाथ में है।



उनका मानना है कि यदि अमेरिका अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर इजराइल को नियंत्रित नहीं करता, तब संघर्षविराम लंबे समय तक टिक नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि यह टकराव ईरान पर थोपा गया है और इसका भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वैश्विक शक्तियां स्थिति को कैसे संभालती हैं। उमर ने लेबनान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताकर चेतावनी दी कि हालात बिगड़ने पर संघर्ष और भड़क सकता है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बदलते बयानों की भी आलोचना की, यह कहते हुए कि इस तरह की अस्थिर भाषा वैश्विक स्तर पर भ्रम और अस्थिरता पैदा करती है। साथ ही उन्होंने भारत-इजराइल संबंधों पर इशारा कर कहा कि इससे भारत की निष्पक्ष मध्यस्थ की भूमिका सीमित हो सकती है। वहीं दूसरी ओर, महबूबा मुफ्ती ने संघर्षविराम को राहत भरा कदम बताया, लेकिन उनके बयान विवाद का कारण बन गए। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने संघर्ष के दौरान आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, जबकि अमेरिका पर नागरिक ठिकानों पर हमले करने का आरोप लगाया। उन्होंने ईरान की सराहना करते हुए कहा कि उसने दबाव के बावजूद मजबूती दिखाई। सबसे अधिक चर्चा उनके उस बयान पर हो रही है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान की भूमिका की तारीफ की। महबूबा के अनुसार, पाकिस्तान ने संघर्ष को विश्व युद्ध में बदलने से रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## शिमला में अप्रैल में दिसंबर जैसी ठंडी का अहसास... न्यूनतम तापमान .6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

शिमला( एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में अप्रैल माह में अभूतपूर्व ठंड दर्ज की गई है, इस ठंड ने पिछले 23 वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। बीती रात न्यूनतम तापमान गिरकर 3.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 7 डिग्री कम है। इससे पहले 22 अप्रैल 2021 को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग के 2003 से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यह अप्रैल की सबसे ठंडी रात रही। सिर्फ शिमला ही नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल में तापमान में भारी गिरावट देखी गई है। बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि के कारण मौसम जनवरी-फरवरी जैसा ठंडा हो गया है। राज्य के तीन शहरों में तापमान शून्य से नीचे चला गया, जबकि कई स्थानों पर यह 5 डिग्री से भी कम दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में भी बड़ी गिरावट आई है। राज्य का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 11 डिग्री कम रहा, जबकि कुछ जगहों पर यह गिरावट 14 डिग्री तक पहुंच गई। कांगड़ा में अधिकतम तापमान 18 डिग्री, मंडी में 18.7 डिग्री और मनाली में केवल 8.6 डिग्री दर्ज किया गया। शिमला में अधिकतम तापमान 11.4 डिग्री तक सीमित रहा। पिछले एक सप्ताह में राज्य में सामान्य से 169 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। 2 से 8 अप्रैल के बीच जहां सामान्यत: 16 मिमी वर्षा होती है, वहीं इस बार 43 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इस असामान्य मौसम ने ठंड को बढ़ाने के साथ-साथ सेब के बगीचों को भी नुकसान पहुंचाया है।

## इंदौर में वंदे मातरम गाने से इंकार पर बवाल, कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख सदन से सस्पेंड



इंदौर (एजेंसी)। इंदौर नगर निगम के बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पार्टी की महिला पार्षद ने वंदे मातरम गाने इंकार किया, इसके बाद विवाद खड़ा हो गया। यह घटना तब हुई, जब कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम बैठक में देर से पहुंचीं। बताया जाता है कि भाजपा पार्षदों ने फौजिया से वंदे मातरम गाने का अनुरोध किया, इस अनुरोध को उन्होंने अस्वीकार किया। इसके बाद भाजपा पार्षदों ने हंगामा कर नारे लगाए। बाद में, अध्यक्ष मुन्नालाल यादव ने फौजिया को एक दिन के लिए बैठक से निलंबित किया। अध्यक्ष मुन्नालाल ने बताया कि वंदे मातरम गीत को 150 वर्ष पूरे हो चुके हैं और केंद्र ने दिशानिर्देश जारी किए हैं कि इस सभी सरकारी कार्यालयों में गाया जाना चाहिए। कांग्रेस पार्षद फौजिया वंदे मातरम गाने के दौरान अनुपस्थित रहीं और बाद में सदन में आकर कार्यवाही में बाधा डालने लगीं। जब सदस्यों ने बताया कि उन्हें उस समय उपस्थित रहना चाहिए था, तब उन्होंने गीत के बारे में आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। इस बीच, कांग्रेस पार्षद रुबीना खान ने कहा कि वह पिछले 15 वर्षों से फौजिया शेख अलीम के साथ पार्षद रही हैं और वह हमेशा वंदे मातरम गाती रही हैं। उन्होंने कहा कि उस दिन क्या हुआ, यह स्पष्ट नहीं है। रुबीना ने कहा कि फौजिया बोल रही थीं और मुझे नहीं पता कि उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने कहा कि वह वंदे मातरम नहीं गाएंगी। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया और अध्यक्ष ने उन्हें एक दिन के लिए निष्कासित कर दिया। मैं पिछले 15 वर्षों से फौजिया शेख अलीम के साथ पार्षद रही हूं और वह हमेशा वंदे मातरम गाती रही हैं, लेकिन आज क्या हुआ, यह स्पष्ट नहीं है।

## नितिन नबीन ने कहा- ममता बांग्लादेशियों की तो भाजपा बंगालियों की करती है चिंता



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हुए विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों से लेकर नेताओं की बयानबाजी तक पर बेबाक टिप्पणी की है। एक विशेष बातचीत के दौरान, नबीन ने पश्चिम बंगाल को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने केवल बांग्लादेशियों के हितों की चिंता की है, जबकि राज्य की आम जनता को उपेक्षित रखा गया है। नबीन ने स्पष्ट किया कि अब बंगाल की जनता की असली चिंता भारतीय जनता पार्टी ही करेगी।

तमिलनाडु की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव की लहर है और भाजपा वहां बेहद मजबूत स्थिति में है। इसके साथ ही उन्होंने के. अन्नामलाई की नाराजगी की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वे पूरी तरह सक्रिय हैं और चुनाव प्रचार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। नितिन नबीन ने राजनीति में भाषा की मर्यादा का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के बीच चल रहे विवाद पर उन्होंने कहा कि पासपोर्ट के नाम पर शब्दों के साथ जो खेल खेला गया है, उसकी सच्चाई जल्द ही सबके सामने आएगी। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि उनके ज्ञान का दायरा काफी सीमित है और एनडीए के लिए सबसे बड़ी चुनौती गांधी परिवार और कांग्रेस की विचारधारा ही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के गुजरात और 'सांप' वाले बयान पर भी नबीन ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि गुजरात सरदार पटेल और महात्मा गांधी की भूमि है, जहां से आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व कर रहे हैं। खड़गे के बयान को मूर्खतापूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी हार स्वीकार करने के बजाय कभी ईवीएम तो कभी जनता पर दोष मढ़ती है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'सांप' वाली टिप्पणी से खड़गे ने सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने की कोशिश की है, लेकिन देश की जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी।

# जयशंकर से मिले बांग्लादेश के विदेश मंत्री ने कहा- शेख हसीना को वापस भेजो



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच बीते साल उपजे कूटनीतिक तनाव के बाद अब दोनों देशों के संबंधों में सुधार की नई कवायद शुरू हो गई है। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बांग्लादेश के नवनियुक्त विदेश मंत्री खलीलुर रहमान अपने पहले आधिकारिक विदेश दौरे पर भारत पहुंचे हैं। बुधवार को नई दिल्ली में उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की। इस यात्रा को ढाका की नई सरकार द्वारा भारत के साथ पारस्परिक विश्वास और सम्मान के आधार पर संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।बैठक के केंद्र में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का मुद्दा रहा। बांग्लादेश द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री रहमान ने शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के प्रत्यर्पण का अनुरोध दोहराया।

हालांकि, भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इस विशिष्ट मुद्दे का कोई उल्लेख नहीं किया गया, जो इस विषय पर भारत की संवेदनशीलता को दर्शाता है। गौरतलब है कि अगस्त 2024 में बांग्लादेश में हुए तख्तापलट और हिंसक प्रदर्शनों के बाद से शेख हसीना ने भारत में शरण ली हुई है, जबकि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने उन्हें मृत्युदंड की सजा सुनाई है।

इन मतभेदों के बावजूद, दोनों पक्षों के बीच इस बात पर सहमति बनी है कि शेख हसीना की उपस्थिति द्विपक्षीय संबंधों के भविष्य में बाधा नहीं बननी चाहिए। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात को सकारात्मक बताते हुए कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उपायों और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई है। भारत ने स्पष्ट किया है कि वह बांग्लादेश की नई सरकार के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और सहयोग के नए मार्ग प्रशस्त करने का इच्छुक है। इस उच्च स्तरीय यात्रा के दौरान व्यापार, ऊर्जा और जन-संपर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी बातचीत हुई। भारत ने आश्वासन दिया है कि आने वाले हफ्तों में बांग्लादेशी नागरिकों के लिए चिकित्सा और व्यावसायिक वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। इसके अलावा, बांग्लादेश ने छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के आरोपियों को पकड़ने में भारत के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कुल मिलाकर, यह यात्रा दर्शाती है कि दोनों पड़ोसी देश पिछले एक साल के तनाव को पीछे छोड़कर एक नई और स्थिर साझेदारी की ओर कदम बढ़ा रहे हैं।

## राजनाथ सिंह ने जनरल फान वान जियांग को वियतनाम का रक्षामंत्री बनने पर दी बधाई, रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम में नई नियुक्तियों पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने जनरल फान वान जियांग को वियतनाम के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री बनने पर बधाई दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत वियतनाम के लंबे समय से चले आ रहे रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। वियतनाम की 16वीं राष्ट्रीय सभा ने अपने पहले सत्र के दौरान इसे मंजूरी दी, जो प्रधानमंत्री ले मिन्ह हंग के नेतृत्व में 2026-2031 कार्यकाल के लिए नई सरकार का हिस्सा है। यह नियुक्ति 8 अप्रैल को आधिकारिक रूप से घोषित की गई थी। इसी के बाद भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनरल फान वान जियांग को बधाई दी। राजनाथ सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर जनरल फान वान जियांग के साथ की एक फोटो पोस्ट कर लिखा, 'सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ वियतनाम के उप-प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के रूप में नियुक्ति पर जनरल फान वान जियांग को हार्दिक बधाई। भारत आपके निरंतर नेतृत्व में सुरक्षा, सैन्य आदान-प्रदान और रक्षा उद्योग सहयोग के क्षेत्रों में अपने लंबे समय से चले आ रहे रक्षा संबंधों को और मजबूत करने तथा सहयोग को और गहरा करने के लिए तत्पर है। हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले वर्षों में हमारी साझेदारी और भी अधिक सुदृढ़ होती जाएगी।'

## राघव चड्ढा के किस तरफ बढ़ रहे हैं सियासी कदम, खुद की पार्टी बनाने में दिख रही दिलचस्पी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच बढ़ती दूरियां अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई हैं। पार्टी की ओर से की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई और चड्ढा के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने दिल्ली से लेकर पंजाब तक की राजनीति में अटकलों का बाजार गर्म कर दिया है। हर किसी की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि क्या राघव चड्ढा आप से नाता तोड़कर अपनी नई राह चुनेंगे।

हाल ही में राघव चड्ढा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की, जिसने उनके भविष्य की योजनाओं को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है। इस रील में एक सोशल मीडिया क्रिएटर ने सुझाव दिया है कि चड्ढा को अब अपनी खुद की पार्टी बना लेनी चाहिए, जिसे जेन-जी पार्टी जैसा कोई नाम दिया जा सकता है। क्रिएटर का तर्क है कि किसी दूसरी पार्टी में जाने के बजाय अपनी पार्टी बनाने से उन्हें युवाओं का एकतरफा समर्थन मिलेगा। चड्ढा ने इस रील को दिलचस्प विचार करार देते हुए साझा किया है, जिसे उनके संभावित विद्रोह के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

विवाद की जड़ें पिछले कुछ समय से पार्टी के भीतर पनप रहे असंतोष में छिपी हैं। करीब एक हफ्ते पहले, आप ने चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाकर उनकी जगह अशोक कुमार मित्तल को नियुक्त कर दिया था। इसके साथ ही उन पर संसद में पार्टी कोटे से बोलने पर भी रोक लगा दी गई। पार्टी नेताओं-अतिशी और सौरभ भारद्वाज-ने चड्ढा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इनमें बीजेपी के प्रति नरम रुख अपनाना, मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इनकार करना और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के दौरान उनकी अनुपस्थिति जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। अतिशी ने तो सीधे तौर पर सवाल किया कि क्या चड्ढा प्रधानमंत्री मोदी से सवाल करने में डरते हैं?

इन आरोपों के बीच राघव चड्ढा ने एक बेहद सांकेतिक संदेश साझा किया। उन्होंने रॉबर्ट ग्रीन की प्रसिद्ध पुस्तक की तस्वीर पोस्ट की, जिसका पहला अध्याय है-नेवर आउटशाइन द मास्टर (अपने गुरु से अधिक मत चमको)। चड्ढा का यह पलटवार इशारा करता है कि पार्टी के भीतर उनकी बढ़ती लोकप्रियता ही शायद उनके खिलाफ हुई कार्रवाई का असली कारण है। फिलहाल, चड्ढा ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन उनके दिलचस्प विचार ने यह साफ कर दिया है कि वह खामोश बैठने के मूड में नहीं हैं।

## तमिलनाडु में अफसरों के तबादले पर सियासी संग्राम, स्टालिन ने चुनाव आयोग पर लगाए पक्षपात के आरोप

### सीएम, बोले- डीएमके की जीत रोकने की कोशिश ; विपक्ष की शिकायतों के बाद हुई कार्रवाई

**चेन्नई (एजेंसी)।** चुनाव आयोग द्वारा तमिलनाडु में वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले के फैसले पर सियासी विवाद गहराता जा रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने इस कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई है।

गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने बुधवार को तमिलनाडु के मुख्य सचिव और डीजीपी स्तर के अधिकारियों को हटाते हुए नई नियुक्तियां कीं। मुख्य सचिव एन. मुरुगानंदन की जगह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एम. साई कुमार को नियुक्त किया गया है, जबकि डीजीपी (सशस्त्र पुलिस, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक) एस. डेविडसन देवसीर्वाथम की जगह 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी संदीप मित्तल को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हटाए गए अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी चुनाव-संबंधित पद पर नियुक्त न किया जाए। यह कदम विपक्षी दलों की उन शिकायतों के बाद उठाया गया, जिनमें आरोप लगाया गया था कि राज्य का प्रशासनिक तंत्र सत्तारूढ़ डीएमके के पक्ष में काम कर रहा है।

इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए एमके स्टालिन ने सवाल उठाया कि हाल ही में चुनाव आयोग के अधिकारियों ने तमिलनाडु की कानून-व्यवस्था को संतोषजनक बताया था, फिर अचानक ऐसा क्या बदल गया कि इतने बड़े स्तर पर तबादले करने पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग ÷बीजेपी की एक शाखा÷ की तरह काम कर रहा है और यह कदम डीएमके की संभावित जीत को रोकने की कोशिश है।

स्टालिन ने यह भी दावा किया कि ये तबादले विशेष रूप से विपक्षी दल एआईएडीएमके और उसके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी को फायदा पहुंचाने के लिए किए गए हैं। उन्होंने सेलम की



कलेक्टर वृंदा रवि के तबादले का भी उल्लेख करते हुए इसे राजनीतिक रणनीति बताया।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने सवाल उठाया कि क्या इसी तरह की कार्रवाई बिहार चुनावों के दौरान भी की गई थी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदमों से डीएमके को नहीं रोका जा सकता और उनकी पार्टी चुनाव में मजबूती से उभरेगी। तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले इस घटनाक्रम ने राज्य की राजनीति को और गरमा दिया है।

## महानगरों में हर साल ट्रैफिक जाम के कारण 1.8 लाख करोड़ का नुकसान... अहमदाबाद बीआरटीएस सिस्टम समाधान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के बड़े शहरों में ट्रैफिक जाम गंभीर समस्या बन गई है, जिसका असर केवल यातायात तक सीमित नहीं बल्कि अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और लोगों की उत्पादकता पर दिख रहा है। एक अनुमान के अनुसार दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे महानगरों में हर साल करीब 1.8 लाख करोड़ रुपये का नुकसान ट्रैफिक जाम के कारण होता है। यदि समय रहते इसका समाधान नहीं हुआ, तब सिर्फ दिल्ली में ही 2030 तक सालाना 14.6 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है, जिसमें ईंधन और मानव संसाधन की बर्बादी शामिल है।

इस समस्या की बड़ी वजह निजी वाहनों की बढ़ती संख्या है, लेकिन मूल कारण सार्वजनिक परिवहन, खासकर बस सेवाओं की खराब स्थिति है। बसों की संख्या कम है और वे निर्धारित समय पर नहीं चल पातीं, क्योंकि उनके लिए अलग लेन नहीं होती। इससे यात्रियों को यात्रा का सही समय अनुमानित नहीं हो पाता। यदि बसों के लिए अलग लेन (लेन सिस्टम) लागू किया जाए, तब वे मेट्रो की तरह भरोसेमंद बन सकती हैं।

अहमदाबाद का बीआरटी (बस रैपिड ट्रांजिट) मॉडल इस समस्या का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है। यहां बने बीआरटी कॉरिडोर में बसों की औसत गति 25-30 किमी प्रति घंटा रहती है, जो मेट्रो की औसत गति (लगभग 35 किमी/घंटा) के काफी करीब है। इससे यात्रा का समय 20-30 प्रतिशत तक कम हो जाता है और ईंधन की भी बचत होती है। इसकी लागत भी मेट्रो के मुकाबले काफी कम होती है, लगभग 10 से 40 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर। इस मॉडल का एक और बड़ा फायदा यह है कि करीब 22 प्रतिशत लोगों ने निजी वाहन छोड़कर सार्वजनिक परिवहन अपनाया है। इस तरह के सफल बीआरटी सिस्टम सूरत और राजकोट में भी देखने को मिलते हैं। हालांकि, इसतरह के कॉरिडोर उन्हीं सड़कों पर प्रभावी होते हैं जिनकी चौड़ाई कम से कम 24 से 30 मीटर हो। साथ ही, बस लेन को इस तरह डिजाइन करना जरूरी है कि उसमें अन्य वाहन प्रवेश न कर सकें।

वहीं, दिल्ली में बीआरटीएस का अनुभव असफल रहा, जिसका कारण संकरी सड़कों पर निर्माण, भीड़भाड़ वाले चौराहों पर उचित ढांचे की कमी और कमजोर एन्फोर्समेंट था। इन गलतियों से सीख लेकर यदि अन्य शहरों में बेहतर योजना और क्रियान्वयन के साथ बीआरटी सिस्टम लागू किया जाए, तब ट्रैफिक जाम की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



# व्यापारियों को लूटने का प्रयास, बंदूक से फायर कर सिर पर चोट

## व्यापारीयों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, गिरफ्तारी नहीं होगी तो करेंगे बाजार बंद





स्मार्ट हलचल

उनियारा।उनियारा में गुरुवार की रात्रि को सरदार सिंह सर्किल स्थित बस स्टैंड पर उनियारा कैंटीन के मालिक अजय कुमार गुप्ता दुकान बढ़ाकर घर जा रहे थे उस समय इनफील्ड गाड़ी पर आए दो जनों ने बैग को छीनने का प्रयास किया। इस पर बीच बचाव करने आए उनके बड़े भाई प्रदीप गुप्ता के बंदूक के बिट की सिर पर चोट मारकर घायल कर दिया। बाद में जाते-जाते वहां फायर भी किया। इस दौरान लोग उनको पकड़ने के लिए पीछे दौड़े तो सवाई माधोपुर मार्ग स्थित एक कैफे के संचालक में उन्हें अपने कैफे में घुसा लिया। जिसका विरोध वहां उपस्थित सैकड़ो लोगों ने किया। बाद में थाने का घेराव भी किया। घटना की जानकारी रात्रि में ही पुलिस उपाधीक्षक आकांक्षा चौधरी को दी इस पर वह भी तुरंत ही मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो जनों सहित कैफे संचालक के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी कप्तान सिंह ने बताया कि रात्रि करीब दस बजे पुलिस को सूचना मिली कि दो जने एनफील्ड गाड़ी पर बैठकर अजय गुप्ता के हाथ में से बैग छीनकर भागने का प्रयास कर रहे थे तभी लोगों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया इस पर उसके बड़े भाई प्रदीप गुप्ता भी भाग कर वहां पहुंचे तो आरोपियों में राम सिंह खटाना निवासी बामनिया एवं राजा बाबू गुर्जर पुत्र सुवालाल गुर्जर निवासी उनियारा ने सरे आम बंदूक से फायर किया और भागते समय प्रदीप गुप्ता के सिर पर बिट की चोट मारकर फरार हो गए। लोगों ने जब उनका पीछा किया तो दोनों आरोपियों को कैफे संचालक राजा बाबू खींची ने अपने कैफे में घुसा लिया और दूसरे रास्ते से बाहर निकाल कर भगा दिया, जिसका लोगों ने रात्रि में ही जमकर विरोध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस उपाधीक्षक आकांक्षा चौधरी सहित कप्तान सिंह एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। शुक्रवार की सुबह उनियारा व्यापार संघ के समस्त व्यापारियों में व्यापार संघ अध्यक्ष संदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह, नमो नारायण गौतम, विष्णु सिंह, अशोक शर्मा, महेश खंडेलवाल, गंगाधर खंडेलवाल, गोपाल जैन, घासी लाल जैन, ओम प्रकाश जैन, अभय सिंह शक्तावत, सहित सैकड़ो व्यापारियों ने उपखंड अधिकारी सुश्री पूजा मीणा को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उनको गिरफ्तार करने की बात कही। ज्ञापन मे व्यापारियों ने बताया कि अगर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो व्यापारी बाजार बंद कर अपना विरोध करेंगे। इधर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कई जगह टीम में भेजी और दबीश दी। रात में हुई घटना के बाद आरोपियों के पास एनफील्ड गाड़ी को पुलिस ने जप्त किया है।

पूर्व में मिर्ची कांड में शामिल था एक आरोपी,दोनों आरोपियों में से एक आरोपी राजा बाबू गुर्जर निवासी उनियारा तीन वर्ष पूर्व एक व्यापारी की आंखों में मिर्ची फेक पर लूटने के मामले में शामिल था।घटना के बाद पुलिस उपाधीक्षक आकांक्षा चौधरी का कहना है कि जिन्होंने अपराध किया है उनको सजा जरूर मिलेगी। आरोपियों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा।

### माण्डल पुलिस का तांबा चोरी का खुलासा

## 206 किलो तांबे सहित 2 गिरफ्तार व एक नाबालिग निरुद्ध

### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई, वारदात में प्रयुक्त बाइक भी जब्त

स्मार्ट हलचल | माण्डल (भीलवाड़ा)

जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत माण्डल थाना पुलिस ने एक फैक्ट्री से तांबा चोरी करने के मामले का त्वरित खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। इनकी निशानदेही पर 206 किलोग्राम तांबा व वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

आईपीएस (प्रोबेशनर) एवं थानाधिकारी आयुष श्रोत्रिय ने बताया कि 17 अप्रैल को परिवादी रामनारायण पटवारी ने रिपोर्ट दी थी कि उनकी फैक्ट्री से 26 व 29 मार्च की रात अज्ञात बदमाश भारी मात्रा में तांबा चुरा ले गए। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और पुराने अपराधियों से पूछताछ की।



फुटेज के आधार पर पुलिस ने मुकेश कुमार (24) पुत्र नगजी कालबेलिया (निवासी रीछड़ा, थाना सदर) और मुकेश (20) पुत्र श्रवण कालबेलिया (निवासी सुरास, थाना रायपुर) को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया। पूछताछ के बाद आरोपियों से 206 किलो तांबा बरामद कर लिया गया। इस अहम कार्रवाई में कांस्टेबल मंगल सिंह व प्रेमलाल की विशेष भूमिका रही, जबकि टीम में हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार व कांस्टेबल भंवरलाल भी शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ जारी है।

## गांधीनगर पुलिस ने अवैध पिस्टल के साथ अर्जुन मीणा को दबोचा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले में अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गांधीनगर थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी डॉ. नेहा राव के नेतृत्व में पुलिस टीम 200 फीट रोड पर ओसवाल एम्पायर के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिया के नीचे खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ा और पूछताछ की, तो उसने अपनी पहचान अर्जुन मीणा पिता रतनलाल मीणा निवासी भदाली खेड़ा के रूप में बताई। तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुई, जिसमें मैग्जीन लगी हुई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पिस्टल जब्त कर ली है। अब पुलिस आरोपी से हथियार की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल सीताराम और डीएसटी के शंकरलाल की विशेष भूमिका रही। टीम में एएसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल भगवान दास, कांस्टेबल तेजाराम व भूपेन्द्र सिंह भी शामिल रहे।

## 'ईट राइट इंडिया मिशन' के तहत बापू नगर स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर में शुक्रवार को 'ईट राइट इंडिया मिशन' के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को स्वस्थ आहार, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

संस्था प्रधान सुनीता नानकानी ने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत विद्यालय में बालिकाओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल शर्मा, गोरधन लाल प्रजापत और राजवीर सिंह चारण ने कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को संबोधित किया। विशेषज्ञों ने बताया कि जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड और अधिक नमक, शुगर व वसा युक्त खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। छात्राओं को घर का बना पौष्टिक भोजन, मौसमी फल-सब्जियां और मोटे अनाज अपनाने



के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही फूड लेबल पढ़ने और स्वच्छता बनाए रखने की भी जानकारी दी गई। उप प्रधानाचार्य मीनाक्षी सुहील ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम का आभार जताया।

कार्यक्रम में 350 से अधिक छात्राओं और समस्त स्टाफ ने भाग लिया। छात्राओं ने पोषण से जुड़े सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

# गौमाता से कुकर्म करने वाला 20 हजार का इनामी दरिंदा बांग्लादेश बॉर्डर से गिरफ्तार

### भीलवाड़ा पुलिस ने खंगाले 1500 सीसीटीवी, 2000 किमी पीछा कर बिहार के किशनगंज से दबोचा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर में गौमाता के साथ अप्राकृतिक कृत्य (कुकर्म) करने की शर्मनाक वारदात को अंजाम देकर फरार हुए दरिंदे को भीलवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता और हिंदू समाज के आक्रोश को देखते हुए आरोपी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीमों ने रात-दिन एक कर करीब 2 हजार किलोमीटर तक आरोपी का पीछा किया और उसे बिहार के किशनगंज रेलवे स्टेशन (बांग्लादेश बॉर्डर) से पकड़ने में सफलता हासिल की।

गिरफ्तार दरिंदे की पहचान संजय कुमार साहु (56) निवासी जमशेदपुर (झारखंड) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह आरोपी पूर्व में भी शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र में गाय के साथ ऐसा ही कुकृत्य कर चुका है।

### ट्रेन से आता और वारदात कर भाग जाता था:

29 मार्च को कोतवाली थाने में एक वायरल वीडियो के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी धर्मेन्द्र सिंह



के निर्देश पर एएसपी पारस जैन व सीओ सिटी सज्जन सिंह राठौड़ के सुपरविजन में 3 विशेष टीमें बनाई गईं। टीमों ने शहर और स्टेशनों के करीब 1500 सीसीटीवी खंगाले। पता चला कि आरोपी ट्रेन से आता-जाता है।

पुलिस ने रोजाना 40 ट्रेनें चेक कीं और भीलवाड़ा से लेकर कानपुर, प्रयागराज, आसनसोल तक स्टेशनों की चेकिंग की। भनक लगते ही पुलिस ने आरपीएफ की मदद से आरोपी को बिहार से धर दबोचा। इस बड़ी कार्रवाई में कोतवाली थानाधिकारी शिवराज गुर्जर, निरीक्षक सुनील कुमार चौधरी, आरपीएफ किशनगंज के एसआई महेंद्र कुमार, कांस्टेबल ओम सिंह और शंभूलाल सहित साइबर सेल व विभिन्न थानों के जाब्ते की अहम भूमिका रही।

## झालावाड़ पुलिस की कार्रवाई: 'म्यूल बैंक खातों' से करोड़ों की ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा, 3 आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भवानीमंडी (झालावाड़)।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में झालावाड़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भवानीमंडी थाना पुलिस ने एक शातिर साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह 'म्यूल बैंक खातों' के जरिए करोड़ों रुपये की ठगी की रकम को इधर-उधर ट्रांसफर कर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था।

**भारी मात्रा में बैंकिंग सामग्री जब्त**

पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त कई अहम सामान बरामद किए गए हैं, जिनमें– 53 एटीएम कार्ड 35 चेक बुक 6 बैंक पासबुक 9 मोबाइल सिम 1 लैपटॉप







1,54,800 नकद शामिल हैं। यह बरामदगी गिरोह की बड़े स्तर पर सक्रियता की ओर इशारा करती है।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है– ललित राणा (22), निवासी रामनगर, भवानीमंडी, अजय विश्वकर्मा (25), निवासी रामनगर, भवानीमंडी, राजेश कुमार (43), निवासी पचपहाड़, भवानीमंडी।

ऐसे करते थे ठगी का खेल

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी भोले-भाले लोगों को लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। इसके बाद इन खातों को 'किराए' पर लेकर देशभर में होने वाली साइबर ठगी की रकम इन्हीं खातों में ट्रांसफर करवाई जाती थी। इस तरीके से आरोपी असली अपराधियों तक पहुंचना मुश्किल बना देते थे।

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। टीम में थानाधिकारी प्रमोद कुमार, उपनिरीक्षक अखेराम और कांस्टेबल तेजेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई।

आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 316(2) एवं आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और अन्य राज्यों से जुड़े नेटवर्क की जांच में जुटी है।

झालावाड़ पुलिस की यह कार्रवाई साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। 'म्यूल अकाउंट्स' के जरिए ठगी करने वाले नेटवर्क पर इस कार्रवाई से करारा प्रहार हुआ है, जिससे भविष्य में इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## देवरिया ग्राम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण



स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** ब्लॉक के ग्राम देवरिया में आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्व समाज के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि दामोदर अग्रवाल रहे, जबकि अध्यक्षता प्यारेलाल खोईवाल ने की। विशिष्ट अतिथियों में बरजी देवी, बालू राम जाट, रूपलाल जाट, मोतीलाल सिंघानिया, पूनम नाथ सपेरा, रणदीप त्रिवेदी, ज्ञानमल खटीक, रामेश्वर लाल छिपा सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

कार्यक्रम में सरपंचों एवं स्थानीय नेतृत्व की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें खाखरमाला के मांगीलाल गुर्जर, नाहरी के रघुवीर सिंह चुंडावत, मोखुंदा के मदनलाल रेगर, गलवा के सुरेश सालवी तथा पूर्व सरपंच गोपाल सोनी, रायपुर मंडल अध्यक्ष डॉ.मीरा किराड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपने संबोधन में बाबा साहब अंबेडकर के जीवन और उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंबेडकर साहब ने समाज के सभी वर्गों को समान दृष्टि से देखते हुए देश को एक मजबूत संविधान दिया।

अध्यक्षता कर रहे प्यारेलाल खोईवाल ने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को एकजुट रखने की प्रेरणा देते हैं। वहीं एडवोकेट पूनम नाथ सपेरा ने ग्राम देवरिया की सराहना करते हुए कहा कि सर्व समाज द्वारा मिलकर प्रतिमा का अनावरण करना सामाजिक एकता का प्रतीक है और पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखते हुए जातिगत भेदभाव मिटाकर समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया। यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक समरसता और एकजुटता का प्रतीक बनकर उभरा।

## न्यास की बहुचर्चित भूखंड लॉटरी मामले में सुनवाई टली, अब 27 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा / जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यास की बहुचर्चित भूखंड लॉटरी मामले से जुड़ी डी.बी. सिविल रिट याचिका संख्या 21943/2025 सहित संबंधित याचिकाओं की सुनवाई फिलहाल टाल दी गई है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल 2026 को होगी।

मामले की सुनवाई डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी एवं संदीप शाह की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी पक्ष की ओर से समय मांगा गया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने अगली तारीख तय कर दी। यह मामला भीलवाड़ा न्यास की बहुचर्चित भूखंड लॉटरी से जुड़ा हुआ है, जिस पर लंबे समय से विवाद और चर्चाएं चल रही हैं। याचिकाकर्ता हेमेन्द्र शर्मा द्वारा दायर याचिका के साथ अन्य संबंधित याचिकाएं भी जुड़ी हुई हैं।

अब इस प्रकरण पर अगली सुनवाई 27 अप्रैल को होगी, जिस पर प्रभावित पक्षों और आमजन की नजरें टिकी हुई हैं।

# राजस्थान में 'हमें पढ़ाने दो' आंदोलन का शंखनाद: शिक्षक संघ ने सरकार को दी 18 मई को शिक्षा मंत्री के क्षेत्र घेरने की चेतावनी

स्मार्ट हलचल | बांसवाड़ा

राज्य में बड़ा शिक्षक-कर्मचारी आंदोलन खड़ा करने की रूपरेखा तैयार हो गई है। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ने गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग के साथ 'हमें पढ़ाने दो' आंदोलन का आगाज़ कर दिया है। संगठन की घाटोल इकाई की बैठक उपखण्ड मुख्यालय पर प्रदेश मंत्री नानूराम डामोर और जिला मंत्री महिपाल भुता की अगुवाई में समारोह पूर्वक संपन्न हुई, जिसमें आगामी सामूहिक आंदोलन पर विचार विमर्श तेज किया गया।

**गैर-शैक्षणिक कार्यों पर आपत्ति**

बैठक में शामिल वक्ताओं ने राज्य सरकार के अव्यावहारिक निर्णयों पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भीषण



गर्मी और भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद महिला कार्मिकों की ड्यूटी जनगणना जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाना न्यायोचित नहीं है। प्रदेश मंत्री नानूराम डामोर ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि शिक्षक सरकारी स्कूलों में पढ़ाना चाहता है, लेकिन जनगणना, पशु गणना और विभिन्न सर्वे जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों से उसे मुक्त किया जाना आवश्यक है, क्योंकि इन कार्यों के चलते सरकारी स्कूलों का नामांकन तेज़ी से गिरा है। वरिष्ठ नेता श्रीपाल जैन ने इस स्थिति को 'शर्म की बात' बताते हुए कहा कि शिक्षकों का सड़कों पर उतर कर आंदोलन करना राष्ट्रवादी पार्टी और सरकार के लिए शर्म का विषय है।

**प्रमुख मांगें: ग्रीष्मावकाश और स्थानांतरण नीति**

संगठन ने सरकार से अव्यावहारिक निर्णय को जल्द वापस लेने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज होगा। ग्रीष्मावकाश में संशोधन: मांग की गई है कि शिविरा पंचांग में संशोधन कर ग्रीष्मावकाश 16 मई से 30 जून तक रखा जाए। संस्था प्रधान के अधिकार: संस्था प्रधान के अधिकार को पहले की तरह दो दिन का किया जाए।

स्थानांतरण नीति: देवीलाल खराड़ी ने राज्य सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए कहा कि चुनाव के समय घोषणा पत्र में स्थानांतरण नीति लागू करने की घोषणा की गई थी, लेकिन वर्तमान में नीति की जगह 'डिजायर पद्धति' अपनाकर शिक्षकों को बंधुआ मजदूर बना दिया गया है।

### आंदोलन की रणनीति

शिक्षकों ने आंदोलन के आगामी चरण की घोषणा करते हुए बताया:

20 अप्रैल: जिला स्तर पर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

18 मई: यदि सरकार ने मांगें पूरी नहीं कीं, तो 18 मई को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में विरोध प्रदर्शन करते हुए विशाल शिक्षक रैली निकाली जाएगी।

उप शाखा अध्यक्ष बदन लाल डामोर ने कहा कि 'हमें पढ़ाने दो' आंदोलन जल्द ही गांव-गांव पहुंचेगा। उन्होंने तर्क दिया कि जनगणना और बी.एल.ओ. जैसे कार्यों के लिए बेरोजगार युवाओं को भत्ता या मानदेय पर रखा जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ग्रीष्म काल अवकाश में एकल महिला शिक्षकों की ड्यूटी निरस्त नहीं की गई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

इस अवसर पर जयकुमार त्रिवेदी, चेतन भगोरा, छगन मसार, भेरू डोडियार, डाया लाल यादव, हीरालाल कटारा, अरुण व्यास, जितेंद्र पारगी, हितेश निनामा, प्रभु लाल खराड़ी, मयूर पडियार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्यवाही जारी

स्मार्ट हलचल | राजसमन्द

आमजन को शुद्ध आहार की सुनिश्चितता करने के उद्देश्य से संचालित अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल के निर्देशो पर खाद्य सुरक्षा दल द्वारा कार्यवाही की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचन्द शर्मा ने बताया कि जिला मुख्यालय पर 100 फिट स्थित श्री कृष्णा मिल्क डेयरी से दूध और पनीर के नमुने तथा कांकरोली बस स्टेण्ड स्थित पालीवाल मिल्क प्रोडक्ट से दूध का एक नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत जांच हेतु लिया गया।

उन्होंने बताया कि कांकरोली स्थित कृषि मण्डी में तरबूज की आवक को देखते हुए कांकरोली तथा नाथद्वारा से तरबूज के नमुने जांच हेतु लिए गये है। लिये गये सभी नमुनो को जांच हेतु जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला उदयपुर में भिजवाया गया है।

# कोटड़ी में अंबेडकर की जयंती के तहत विशाल रक्तदान शिविर में 261 रक्तवीरो ने दिया रक्त

## पूर्व मंत्री रामलाल जाट व प्रद्युमन सिंह ने रक्तदाताओं का बढ़ाया उत्साह

स्मार्ट हलचल





**कोटड़ी।** विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में 'रक्तदान जागरूकता पखवाड़ा' के तहत शुक्रवार को मुख्यालय स्थित श्री चारभुजा मन्दिर प्रांगण के विशाल डॉम में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आगामी जयंती को समर्पित इस शिविर में युवाओं और क्षेत्रवासियों ने उत्साह दिखाते हुए 261 रक्तविरो ने रक्तदान कर आयोजन को सफल बनाया। शिविर में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वही युवा नेता प्रद्युमन सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया और इस पुनीत कार्य के लिए उनकी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है क्योंकि यह सीधे तौर पर किसी का जीवन बचाने के काम आता है। बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करना ही हमारा ध्येय होना चाहिए। आज कोटड़ी के युवाओं ने जिस ऊर्जा के साथ 261 यूनिट रक्तदान किया है वह सराहनीय है। वही युवा नेता प्रद्युमन सिंह ने कहा कि युवा शक्ति जब सेवा के कार्यों से जुड़ती है तो समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता पखवाड़ा मील का पत्थर साबित हो रहा है। कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी से ही सफलता मिली है।

### सुबह से ही उमड़ी रक्तदाताओं की भीड़

सोसायटी के सचिव शंकर लाल गाडरी ने बताया कि शिविर का शुभारंभ सुबह 8:15 बजे हुआ। पूर्व मंत्री श्री जाट के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और स्थानीय युवाओं में भारी जोश देखा गया। गाडरी ने जानकारी दी कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसके फलस्वरूप लक्ष्य के अनुरूप 261 यूनिट रक्त एकत्र किया जा सका। शिविर के सफल आयोजन में विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों, स्थानीय कार्यकर्ताओं और चिकित्सा टीम का विशेष सहयोग रहा। अंत में सचिव शंकर लाल गाडरी ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

शिविर में रामकुमार मीणा, जमना लाल डीडवानिया, डेयरी के पूर्व अध्यक्ष रत्न लाल जाट, नगर परिषद भीलवाड़ा के पूर्व अध्यक्ष ओम नारायणीवाल, कोटड़ी के पूर्व प्रधान विजय सिंह राणावत, कांग्रेस नेता अशोक डीडवानिया, सत्यप्रकाश डीडवानिया, पूर्व सरपंच देवबक्ष जाट बड़ला, भीम सिंह मेड़तिया दातड़ा, श्री चारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह लोढा, राधेश्याम मूंदड़ा, समाजसेवी श्रवण सोनी, साँवर चंदेल, संजय जाट बिरधोल, राजू जाट, साँवर ककरोलिया घाटी सहित कई पूर्व व वर्तमान सरपंच, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# बरूंदनी रेलवे स्टेशन: अंडरब्रिज ऊंचा करने और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की उठी मांग

## बसों और ट्रकों के नहीं निकलने से लगता है लंबा चक्कर, मरीजों और श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बरुंदनी से भीलवाड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित बरूंदनी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे अंडरब्रिज की कम ऊंचाई के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि अंडरब्रिज की वर्तमान ऊंचाई लगभग 4 मीटर है, जिससे बस और ट्रक जैसे भारी वाहन नहीं निकल पाते। इसके कारण वाहन चालकों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे समय और ईंधन की बर्बादी होती है। ग्रामीणों ने अंडरब्रिज की ऊंचाई बढ़ाकर कम से कम 5 मीटर करने की मांग की है।


इसके साथ ही, ग्रामीणों ने स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की भी जोरदार मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के पास मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिंगोली चारभुजा नाथ व चंवरा के हनुमान मंदिर स्थित हैं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके अलावा मरीजों को उपचार के लिए अहमदाबाद जाना पड़ता है, लेकिन एक्सप्रेस ट्रेनें नहीं रुकने से उन्हें भारी परेशानी होती है।

ज्ञापन देने के दौरान प्रशासक गजेंद्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर सहित गांव के कई नागरिक मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# उपराष्ट्रपति भवन में सिंधी भाषा में संविधान का विमोचन

### भीलवाड़ा के झुरानी बने साक्षी

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली/ भीलवाड़ा



सिंधी भाषा दिवस (10 अप्रैल) के अवसर पर नई दिल्ली के उपराष्ट्रपति भवन में सिंधी भाषा में अनूदित भारतीय संविधान (देवनागरी व फारसी लिपि) का ऐतिहासिक विमोचन किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और सांसद शंकर लालवानी ने पुस्तक का विमोचन किया। इस भव्य कार्यक्रम में भीलवाड़ा से भाजपा नेता विनोद झुरानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

झुरानी ने बताया कि 10 अप्रैल 1967 को ही पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों से सिंधी भाषा को मान्यता मिली थी। विमोचन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और सांसद लालवानी ने इसे पीएम मोदी की समावेशी सोच का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आठवीं अनुसूची की सभी 22 भाषाओं में संविधान उपलब्ध करा रही है। सिंधी भाषा में इसके प्रकाशन से देशभर के करीब एक करोड़ सिंधी भाषियों को अपनी मातृभाषा में अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों को समझने का अवसर मिलेगा, जो लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करेगा।

# जिला अस्पताल बना 'नाम का', मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़!

## डॉक्टरों की कमी से शाहपुरा बेहाल, इलाज के नाम पर सन्नाटा, सौंपा राज्यपाल के नाम ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** शाहपुरा का जिला चिकित्सालय इन दिनों 'नाम बड़ा और दर्शन छोटे' की कहावत को चरितार्थ करता नजर आ रहा है। यहां इलाज के नाम पर सन्नाटा पसरा है और मरीजों को राहत के बजाय निराशा ही हाथ लग रही है। इसी गंभीर हालात को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा ने शुक्रवार को जोरदार विरोध दर्ज कराते हुए उपखण्ड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत और नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में अस्पताल की बदहाल स्थिति को लेकर तीखी नाराजगी जताई गई। कांग्रेस नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि शाहपुरा को भले ही जिला अस्पताल का दर्जा मिल गया हो, लेकिन जमीनी हकीकत में यह सुविधा 'शून्य' के आसपास ही सिमटी हुई है।

ज्ञापन में बताया गया कि अस्पताल में सबसे जरूरी जनरल फिजिशियन और सोनोग्राफी के लिए रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में मरीजों को प्राथमिक जांच और इलाज तक के लिए भटकना पड़ रहा है। हालत यह है कि वृद्ध पेंशनधारक, गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज घंटों लाइन में लगने के बाद भी बिना इलाज के लौटने को मजबूर हैं।

डॉक्टरों की भारी कमी के कारण मरीजों को मजबूरी में करीब 50 किलोमीटर दूर भीलवाड़ा जाना पड़ रहा है। कई मरीज आर्थिक तंगी के चलते वहां तक नहीं पहुंच पाते और उनकी बीमारी दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि प्रशासन की लापरवाही का भी स्पष्ट प्रमाण है।

कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि अगर समय रहते डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की गई तो हालात और बिगड़ेंगे। उन्होंने मांग की कि तत्काल प्रभाव से जनरल फिजिशियन और रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। साथ ही चेतावनी भी दी गई कि यदि 10 दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

शाहपुरा की जनता अब सवाल पूछ रही है जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं, तो 'जिला चिकित्सालय' का दर्जा आखिर किस काम का?

# भारतीय किसान संघ की प्रांतीय समीक्षा बैठक प्रतापगढ़ में

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** भारतीय किसान संघ की महत्वपूर्ण प्रांतीय समीक्षा बैठक का आयोजन कृषि उपज मंडी, प्रतापगढ़ में होने जा रहा है। इस उच्च स्तरीय बैठक में भीलवाड़ा जिले के प्रांत, संभाग और जिला कार्यकारिणी के सदस्यों सहित सभी तहसीलों के अध्यक्ष, मंत्री, युवा प्रमुख, प्रचार प्रमुख एवं अन्य दायित्ववान कार्यकर्ता प्रमुखता से शिरकत करेंगे।

जिला प्रचार प्रमुख श्याम लाल सुथार ने बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दौरान संघ की संगठनात्मक मजबूती, रचनात्मक कार्यों और आगामी आंदोलनात्मक रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक का एक मुख्य एजेंडा वर्ष 2029 में आने वाला 'स्वर्ण जयंती वर्ष' भी है, जिसके उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा अभी से तैयार की जाएगी।


### जनजाति किसान सम्मेलन का भी होगा आयोजन

समीक्षा बैठक के साथ ही 10 अप्रैल (शुक्रवार) से 12 अप्रैल (रविवार) तक विशाल जनजाति किसान सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी माननीय मोहिनी मोहन मिश्र का मार्गदर्शन और सानिध्य कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। सम्मेलन में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा अपेक्षित है।

# खुली पड़ी नाले में गिरा मवेशी

## प्रशासन की अनदेखी से मवेशी नाले में गिर कर हो रहे चोटिल

स्मार्ट हलचल



**गुरला।** विश्व विख्यात ज्योतिष नगरी कारोई कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर सफाई नहीं होने से जर्मनी व झाड़ियां इतनी हो रही है, जिसके पास ही पानी नीकासी का नाला बना हुआ है जो पुरी तरह झाड़ियां फैलने से नाला दिखाई नहीं देता है जिसमें मवेसी अचानक खुली नाली में गिर गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सूचना मिलते ही ग्रामीण तुरंत वहां पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद मवेशी को बाहर निकाला गया, लेकिन नाली में गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई और कुछ समय के लिए बेसुध भी हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया,प्रशासन की अनदेखी के चलते हालात लगातार बिगड़ रहे हैं और लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा।

# संतों ने देखा सिंहस्थ का 'ब्लू प्रिंट': शिप्रा शुद्धिकरण के लिए बन रही टनल देख हुए गदगद

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** उज्जैन-मुख्यमंत्री मोहन यादव के विजन को धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन ने कमर कसे हुए और इसी कड़ी में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों का जायजा लेने खुद संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह साधु-संतों की टोली के साथ मैदान में उतरे। शनि मंदिर से शुरू हुआ यह निरीक्षण नवीन घाटों के निर्माण से होता हुआ उस महत्वपूर्ण टनल तक पहुँचा, जो कान्ह नदी के प्रदूषित पानी को शिप्रा में मिलने से रोकने के लिए बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री के विशेष निर्देशों के पालन में प्रशासनिक अमले ने साधु-संतों को एक-एक निर्माण कार्य की बारीकी से जानकारी दी और बताया कि किस तरह आने वाले सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। भ्रमण के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा कान्ह नदी डायवर्सन योजना की रही, जहाँ बन रही विशाल टनल का अवलोकन कर संतों ने भी संतोष जताया। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने संतों को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्यों में उनकी गरिमा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने नवीन घाटों की कार्ययोजना साझा करते हुए बताया कि शिप्रा शुद्धिकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संतों ने भी प्रशासन के इस खुले संवाद की सराहना की और टनल के तकनीकी पहलुओं को करीब से समझा। इस पूरे दौरे का उद्देश्य सिंहस्थ के स्थाई निर्माण कार्यों में पारदर्शिता लाना और संतों के सुझावों को शामिल करना था, ताकि दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालु उज्जैन की एक दिव्य छवि लेकर लौटें।

# आखातीज पर रावणा राजपूत समाज का सामूहिक विवाह, 18 जोड़ों का पंजीयन

## जोगणिया माता में आयोजन समिति की बैठक, गणेश जी व माता को दिया पहला निमंत्रण

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** रावणा राजपूत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन जोगणिया माता जी की आयोजन समिति की एक आवश्यक बैठक समाज धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी (डाबी) ने की, जबकि मुख्य अतिथि जयपुर से पधारे संरक्षक दलपत सिंह सांखला रहे। बैठक में 20 अप्रैल 2026 (सोमवार) को आखातीज के शुभ अवसर पर होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने बताया कि अब तक तुलसी विवाह सहित 18 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। आयोजन की सफलता के लिए प्रथम पूज्य भगवान गणेश और मां जोगणिया माता को पहला निमंत्रण पत्र अर्पित किया गया। इसके बाद पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण देने का जिम्मा सौंपा गया। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा तैयार करते हुए भोजन, टेंट, पेयजल, मंच, मंडप, तोरण, वरमाला, भेंट सामग्री, चिकित्सा, बैंड, पार्किंग और सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर बालू सिंह देवड़ा, सचिव हिम्मत सिंह भाटी, महेंद्र सिंह सोलंकी, संयोजक कालू सिंह चौहान, महामंत्री शंभू सिंह गहलोत, कोषाध्यक्ष राम सिंह सांखला, घनश्याम सिंह सोलंकी, शंभू सिंह चौहान, लाभु सिंह चौहान, जयसिंह राठौड़ सहित कई समाज बंधु व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शाहपुरा में संघ की गोष्ठी 'संगठित समाज ही राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाएगा'

स्मार्ट हलचल





**शाहपुरा।** आदर्श विद्या मंदिर गांधीपुरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और वर्तमान चुनौतियों पर गहन मंथन हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण कुमार जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए संघ की 100 वर्षों की यात्रा, उसके उद्देश्यों और राष्ट्र के समक्ष उपस्थित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

नगर संचालक कन्हैयालाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी में जैन ने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य एक सशक्त, संगठित और चरित्रवान समाज का निर्माण करना है, जो राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचा सके। उन्होंने कहा कि भारत का अतीत गौरवशाली रहा है और आने वाला समय भी भारत का ही है, लेकिन इसके लिए समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति सजग रहना होगा।

अपने उद्बोधन में उन्होंने सामाजिक समरसता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समाज का विखंडन ही देश की सबसे बड़ी कमजोरी है। 'यदि समाज बंटेगा, तो राष्ट्र कमजोर होगा, इसलिए हमें हर हाल में समाज को एकजुट रखना है,' उन्होंने कहा। उन्होंने धर्मांतरण के मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि इसके प्रति जागरूक रहना और अपनी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करना समय की आवश्यकता है।

जनगणना के विषय में उन्होंने कहा कि यह केवल आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की नीतियों और भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सभी वर्गों से इसमें सक्रिय और सजग भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर जैन ने कहा कि यह एक शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसके दुरुपयोग से समाज में भ्रम और विभाजन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी जानकारी को बिना सत्यापन के साझा न करें और सतर्कता के साथ इसका उपयोग करें।

संघ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आपदाओं के समय संघ कार्यकर्ता हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहे हैं। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा से लेकर विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में सेवा कार्यों तक, संघ ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। उन्होंने बताया कि देशभर में संघ के माध्यम से हजारों सेवा कार्य संचालित हो रहे हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र शामिल हैं।

जैन ने पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध और पर्यावरण संरक्षणकृको वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज को मजबूत बनाकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को अपने इतिहास और महापुरुषों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वंदेमातरम् के सामूहिक गान से वातावरण राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम सिंह राणावत ने किया।

# भीलवाड़ा महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार

### प्रज्ञा बुनकर बनीं जिला उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल



**आसींद।** राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्षा सारिका सिंह के निर्देशानुसार भीलवाड़ा जिला महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। गुरुवार को जारी आधिकारिक आदेश के तहत आसींद विधानसभा क्षेत्र के रघुनाथपुरा की प्रज्ञा बुनकर सहित सात सक्रिय महिला नेत्रियों को जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

कार्यकारिणी विस्तार में उपाध्यक्षों के साथ-साथ महासचिव और सचिव पदों पर भी नई नियुक्तियां की गई हैं, जिसका उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना है।

### संगठन की मजबूती के लिए समर्पित रहने का संकल्प

जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के पश्चात प्रज्ञा बुनकर ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और कर्तव्यनिष्ठा के साथ संगठन के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएंगी और महिला कांग्रेस की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करेंगी। प्रज्ञा की इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# 'राजस्थान की सैन्य परम्परा एवं इतिहास' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आगाज

## सांसद डॉ. रावत ने भील संस्कृति के सैन्य ज्ञान पर डाला प्रकाश, प्रताप पीठ स्थापित करने की मांग

स्मार्ट हलचल |उदयपुर

इतिहास विभाग, सुखाड़िया विश्वविद्यालय (विवि.) एवं महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बप्पा रावल सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। संगोष्ठी का विषय 'राजस्थान की सैन्य परम्परा एवं इतिहासः वीरता, रणनीति और सांस्कृतिक विरासत' है। कार्यक्रम की शुरुआत में विभागाध्यक्ष प्रो. दिग्विजय भटनागर ने स्वागत उद्बोधन दिया। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. मनीष श्रीमाली ने विषय प्रवर्तन करते हुए संगोष्ठी की दिशा प्रस्तुत की। इस अवसर पर हल्दीघाटी युद्ध पर एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की गई।

### मुख्य अतिथियों का उद्बोधन

मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने मेवाड़ के धर्म, कर्म, भक्ति एवं बलिदान के



महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मेवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों के महत्व को बताते हुए दक्षिण राजस्थान की भील संस्कृति के सैन्य ज्ञान की महत्ता को भी समझाया।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता, प्रख्यात सैन्य इतिहास विशेषज्ञ प्रो. रविन्द्र कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में राजस्थान एवं मेवाड़ के सैन्य संपदा एवं इतिहास पर विभिन्न संदर्भों के आधार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बप्पा रावल से लगाकर महाराणा प्रताप तक की सैन्य उपलब्धियों की चर्चा की। प्रो. शर्मा ने नवीन इतिहास लेखन की आवश्यकता पर जोर दिया और महाराणा प्रताप की प्रशंसा के संदर्भों की चर्चा की जो अकबर द्वारा की गई थी। उन्होंने प्रताप से जुड़े नवीन शोध विषयों पर भी प्रकाश डाला और 'प्रताप पीठ' स्थापित करने की मांग की। विशेष अतिथि प्रो. शिव कुमार मिश्रा ने राजस्थान के विभिन्न युद्धों का वर्णन किया और पृथ्वीराज चौहान तथा महाराणा सांगा के विभिन्न नवीन संदर्भों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि ले. जनरल एन.के. सिंह ने वर्तमान के सामरिक मुद्दों को हल्दीघाटी एवं दिवेर युद्धों से जोड़कर समझाया। उन्होंने युद्धों में महिलाओं के योगदान और छापामार रणनीति के महत्व को भी स्पष्ट किया। कला महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. मदनसिंह राठौड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय संस्कृति में मातृभूमि के लिए बलिदान, क्षत्रिय एवं युद्ध नीति परम्परा पर प्रकाश डाला। उन्होंने मारवाड़ की गौरवमयी शौर्य परम्परा की भी जानकारी दी। अन्त में प्रो. प्रतिभा ने सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. बी.पी. शर्मा, डॉ. वीसी गर्ग सहित कई गणमान्य शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विश्व नवकार महामंत्र दिवस

# महुआ जैन मंदिर पर सामूहिक जाप का आयोजन




स्मार्ट हलचल

**आकोला।** महुआ कस्बे में स्थित जैन मंदिर पर विश्व नवकार महामंत्र दिवस का आयोजन किया गया।विश्व नवकार महामंत्र दिवस के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा नवकार महामंत्र का जाप किया। बड़ी संख्या में श्रावक,श्राविकाओं ने इस पावन अवसर पर उपस्थित हो कर नवकार महामंत्र के जाप के माध्यम से विश्व कल्याण में अपनी सहभागिता निभाई।

# गेस्ट हाउस में नकबजनी का खुलासा

## तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी व जेवरात बरामद

स्मार्ट हलचल |निम्बाहेड़ा

सदर निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस में हुई नकबजनी (चोरी) की बड़ी वारदात का त्वरित कार्रवाई करते हुए पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस टीम ने मामले में शामिल तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, गेस्ट हाउस में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी कर लिए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर थाना पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर तीन संदिग्धों को डिटेन कर पूछताछ की। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने वारदात करना कबूल कर लिया।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण बरामद कर लिए




हैं। पुलिस अब इन आरोपियों से क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की वारदातों के बारे में भी गहनता से पूछताछ कर रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से आमजन में विश्वास बढ़ा है।

# जवाहर नगर पंचबालयती मंदिर का 18वां स्थापना दिवस श्रद्धा-उल्लास के साथ मनाया

## जवाहर नगर में श्रद्धा की जगमगाहट, 48 दीपों से सजी भव्य आरती






स्मार्ट हलचल |कोटा

शहर के जवाहर नगर पंचबालयती मंदिर में शुक्रवार को 18वां स्थापना दिवस पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। वर्ष 2008 में स्थापित इस मंदिर में पंचबालयती तीर्थंकरों की प्रतिष्ठित प्रतिमाओं के समक्ष दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अध्यक्ष सोहन लाल बड़जात्या ने बताया कि प्रातः 7 बजे मंदिर परिसर में सभी प्रतिमाओं का विधि-विधान से अभिषेक किया गया। इस दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भक्तिभाव से भाग लेकर आयोजन को गरिमामय बनाया।मंत्री महावीर जैन पाटोदी ने बताया कि अभिषेक के पश्चात 'पंच बालयती विधान' का आयोजन किया गया, जिसमें दंपतियों ने श्रीफल अर्पित कर अर्घ समर्पण किया और मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

दोपहर में श्रद्धालुओं के लिए वात्सल्य भोज का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए। संध्या काल में 48 दीपकों के साथ भव्य आरती की गई, जिससे मंदिर परिसर आध्यात्मिक आभा से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सोहन लाल बड़जात्या, मंत्री महावीर जैन पाटोदी, कोषाध्यक्ष विनय गोधा सहित अरुण पहाड़िया, विनय शाह, शांति लाल, पारस, नरेंद्र, नितेश जैन, विनीत, कमल, आशीष जैन एवं अन्य सदस्यों ने आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।

# संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन राजभवानी वाटिका में किया गया।चितौड़ प्रांत के ग्राम विकास संयोजक श्यामबिहारी व खंड संघ चालक दिलदार सिंह द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रगीत वन्देमातरम् के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चितौड़ प्रांत के ग्राम विकास संयोजक श्यामबिहारी ने कहा कि संघ की शाखा के माध्यम से व्यक्तिगत चरित्र निर्माण के साथ ही राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण का कार्य भी अनवरत किया जा रहा हैं।संघ जो कार्य कर रहा हैं उसमें हिन्दू समाज को भी कंधे से कंधा मिला कर चलने की आवश्यकता हैं।व्यक्ति निर्माण के साथ जो संघ कार्य की शुरुआत हुई आज वो वातावरण स्पष्ट रूप से दिखाई देता हैं।उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के तहत हुए हिन्दू सम्मेलनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिला हैं।उन्होंने परिवार में संस्कार व संवाद बढाने,जल संरक्षण,पर्यावरण संवर्धन व प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग नहीं करने पर भी बल दिया।

# जुरहरा व्यापार मंडल ने डीग जिला पुलिस अधीक्षक श्रीशरण गोपीनाथ कांबले का किया सम्मान

## जुरहरा के बहुचर्चित ज्वेलरी चोरी कांड का 40 महीने बाद किया खुलासा



स्मार्ट हलचल | जुरहरा

जुरहरा क़स्बे में करीब 40 महीने पहले ज्वेलरी शोरूम में हुई चोरी की घटना का खुलासा करने पर शुक्रवार को जुरहरा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय डीग पहुंचकर एसपी श्रीशरण गोपीनाथ कांबले का स्वागत व सम्मान करते हुए चोरी की घटना का खुलासा करने पर उनका आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि जुरहरा कस्बे में हुई उक्त चोरी की घटना का गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक श्रीशरण गोपीनाथ कांबले द्वारा घटना के 40 माह बाद खुलासा किया गया है जबकि क्षेत्र के लोगों ने उक्त चोरी की वारदात के खुलासा होने की उम्मीद छोड़ दी थी लेकिन एसपी श्रीशरण गोपीनाथ कांबले के निर्देशन में जुरहरा थाने पर पदस्थ आरपीएस अधिकारी नरेश कुमार चनेजा व उनकी टीम ने चोरी का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सात किलोग्राम चांदी को भी बरामद किया है। जुरहरा व्यापार संघ ने जहां गुरुवार को आरपीएस अधिकारी नरेश कुमार चनेजा व उनकी टीम का सम्मान किया वहीं शुक्रवार को एसपी डीग का सम्मान किया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से सर्राफा व्यापार संघ अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन के साथ व्यापार मंडल के राजीव अग्रवाल, सोनू भगत जी, सुभाष गौड, गजेंद्र जाट, राकेश जैन, किराना संघ अध्यक्ष व भामाशाह पूरन सैनी व अजय शर्मा मौजूद रहे।

# खेरली में महिला सुरक्षा एवं योजनाओं पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

स्मार्ट हलचल

**खेरली।** महिला अधिकारिता विभाग अलवर के अंतर्गत संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, खेरली द्वारा शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 10, वार्ड नंबर 16 में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में लगभग 8-10 महिलाओं एवं स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की सलाहकार कनकमाला शर्मा एवं सामाजिक सलाहकार



हिमानी शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होंने विशेष रूप से लाड़ो प्रोत्साहन योजना एवं एकल नारी प्रोत्साहन योजना के बारे में बताते हुए महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित सेवाओं एवं महिला सुरक्षा सलाह केंद्र द्वारा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यशाला के दौरान महिलाओं को आपातकालीन एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 1091, 181, 112 एवं 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) की जानकारी साझा की गई। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता सोनी सहित स्थानीय महिलाएं एवं स्कूल की छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को जागरूक रहकर अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# श्री बाणमाता शक्तिपीठ मंदिर पर रोगियों को बांटे फल

स्मार्ट हलचल|मांडलगढ़

मेवाड़ के प्रसिद्ध जन जन की आस्था का केंद्र श्री बाणमाता शक्तिपीठ मंदिर पर अखिल भारतीय गोकुल शर्मा मित्र मंडल मांडलगढ़ के तत्वाधान में श्री बाणमाता शक्तिपीठ के यहां भजन कलाकार गोकुल शर्मा के जन्मोत्सव पर मरीजो को फल वितरण कार्यक्रम रखा गया।

अखिल भारतीय गोकुल शर्मा मित्र मंडल मांडलगढ़ के तत्वाधान में भजन कलाकार गोकुल शर्मा के जन्मोत्सव पर श्री बाणमाता शक्तिपीठ के यहां आयोजित समारोह में शक्तिपीठ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं पक्षागत रोगियों को फल वितरण किए गए। वही श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंधन विकास संस्थान को 25 पानी की केन भेंट की गई। 5 व्हील चेयर भेट की गई। समारोह में आयोजन मंडल के रामपाल शर्मा, सूरज भट्ट, मनीष शर्मा, भेरू शर्मा सहित सदस्यगगणों ने भजन कलाकार



गोकुल शर्मा का मेवाड़ी साफा, माला पहनाकर स्वागत, अभिनंदन किया। इस मौके पर श्री बाण माता शक्तिपीठ प्रबंधन एवं विकास संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, सत्यनारायण सुथार कन्हैयालाल धाकड़, महामंत्री अमित जोशी, लेखाकार प्रदीप पोरवाल व्यवस्थापक प्रमोद कुमार धाकड़, भेरुलाल जोशी, भेरूलाल रायका, खाना धाकड़, भेरू धाकड़, सहित भक्तजन मौजूद थे।

# राजकीय कला महाविद्यालय में एनएसयूआई का 56वां स्थापना दिवस, छात्र संवाद व प्रतियोगिताओं का आयोजन

स्मार्ट हलचल |कोटा

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का 56वां स्थापना दिवस क राजकीय कला महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र संवाद कार्यक्रम, नारा लेखन प्रतियोगिता एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, राजकीय कला महाविद्यालय एवं जेडीबी गर्ल्स कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। छात्र नेता रिद्धम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत छात्र



संवाद आयोजित कर नवनियुक्त पदाधिकारियों–जिला उपाध्यक्ष दिलीप मीणा, जिला सचिव रोहित कुमार भील एवं लाडपुरा ब्लॉक अध्यक्ष रोहित मेघवाल–का सम्मान किया गया।

छात्र नेता मोहित कुमार ने बताया कि महाविद्यालय इकाई द्वारा आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में यश राज ने प्रथम, राधिका राठौर ने द्वितीय तथा योगेन्द्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन हंसवी एवं भावना सैनी ने किया।

इस अवसर पर छात्र नेता लोकेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, महाराणा प्रताप एवं सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही 'जॉइन एनएसयूआई' अभियान की शुरुआत करते हुए पूरे महाविद्यालय परिसर में रंगोली के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कावेरी कुमारी, भाविका, नेहा मंसूरी, चित्रांशी, रोहित, अमन, आशीष वर्मा, सुमित, ज़ीशान ख़ान एवं रितिका मीना सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अपने अधिकार, कर्तव्य तथा साइबर अपराध एवं सुरक्षा की दी जानकारी



स्मार्ट हलचल|मांडलगढ़

पंचायत समिति क्षेत्र की होडा ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे कार्यक्रम के तहत स्थानीय विद्यालय में एसीजेएम एसडीएम कोर्ट मांडलगढ़ के न्यायाधीश अभिषेक कोडप द्वारा कानूनी जानकारी, अधिकार, कर्तव्य तथा साइबर अपराध तथा इससे सुरक्षा के विभिन्न उपाय बताकर उनकी सुरक्षा एवं उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विधिक साक्षरता शिविर के तहत मजिस्ट्रेट साहब ने बच्चों को साइबर सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर यथा 1930, 112 , 1098 इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर तालुका अधिकारी पवन जीनगर, श्रीमान संजय खटीक उपस्थत थे। प्रधानाचार्य संतोष अग्रवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मंच संचालन सतीश कुमार खटोड द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ शोभना तोषनीवाल, हुकुमचंद जाटव, अमित कुमार, नंदकिशोर, ममता खटीक, आरती जीनगर, राहुल कोदली, धीरज कुमारआदि उपस्थित रहे।

# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी एवं रंगोली तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## जन भागीदारी के माध्यम से ही कुपोषण को दूर करना संभव- उप निदेशक सीता शर्मा

स्मार्ट हलचल | कोटा

भारत सरकार द्वारा 09 से 23 अप्रैल 2026 तक मनाए जा रहे 8वां पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, कोटा के सहयोग से आज लक्की बुर्ज सेंटर, कोटा पर पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी एवं रंगोली तथा जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सीता शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक मानसिक विकास की पहली पाठशाला है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से



कुपोषण को दूर किया जा सकता है। साथ ही स्वस्थ खान पान के प्रति जागरूकता फैलाना भी जरूरी हैं। महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने में सभी कार्यकर्ता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर वर्ष पोषण पखवाड़ा राष्ट्रव्यापी अभियान जन आंदोलन के माध्यम से पोषण, खेल-आधारित शिक्षा और स्वस्थ आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है।

इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहायक निदेशक श्री रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य जीवन के पहले छह वर्षों में बच्चों के मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना है। उन्होंने कहा कि जीवन के पहले 1000 दिनों एवं 0 से 6 वर्ष की आयु में मस्तिष्क का 85 प्रतिशत से अधिक विकास होता है, जिसके लिए संतुलित पोषण, संवेदनशील देखभाल एवं प्रारंभिक सीख अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी आलोक शर्मा ने कहा कि पोषण अभियान (राष्ट्रीय पोषण मिशन) भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे 8 मार्च 2018 को कुपोषण, बौनापन, एनीमिया और कम वजन की समस्या को कम करने के लिए शुरू किया गया था। यह बच्चों, किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए तकनीक, जन भागीदारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाकर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाता है। इस अभियान का उद्देश्य 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल-आधारित शिक्षा और स्क्रीन टाइम कम करना है।

कार्यक्रम के अंत में पोषण पखवाड़ा पर आधारित मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को विभाग की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी लगा कर एवं रंगोली बनाकर पोषण के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक प्रेम सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक सावित्री विजय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोष ,निशा सैनी, तीजा महावर ,रचना सोनी, सरोज श्रीवास्तव ,मंजू महावर सहायिका शकुंतला सैनी,मेंटर टीचर श्रीमती रेखा सहित महिलाओं एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# आरटीई दाखिलों में निजी स्कूलों की आपत्तियों में उलझे गरीब बच्चों के सपने, कई बच्चे के मामूली त्रुटियों से आवेदन अटके

स्मार्ट हलचल|बूंदी

शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में मिलने वाले मुफ्त प्रवेश का सपना इस बार सैकड़ों गरीब परिवारों के लिए एक कठिन परीक्षा बन गया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में बदलाव और दस्तावेज़ों की जांच का जिम्मा निजी स्कूलों को सौंपे जाने के बाद हालात ऐसे बन गए हैं कि छोटे-छोटे कारणों से बच्चों के आवेदन अटकाए जा रहे हैं। नतीजा–कई योग्य बच्चे दाखिले से वंचित रह गए हैं, और अभिभावक दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार, हर साल की तरह इस बार भी आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से शुरू की गई। लेकिन बड़ा बदलाव यह रहा कि पहले जहां आवेदन पत्रों की जांच शिक्षा विभाग करता था, वहीं इस बार यह जिम्मेदारी निजी स्कूलों को दे दी गई। यहीं से समस्याओं का सिलसिला शुरू हो गया। आरोप है कि कई स्कूलों ने बच्चों के दस्तावेजों में मामूली कमियां निकालकर उन्हें खारिज करना शुरू कर दिया, जिससे पूरी प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है।

## छोटी त्रुटियां, बड़ा नुकसान

मामले की पड़ताल में सामने आया कि कई बच्चों के आवेदन केवल तकनीकी या बेहद मामूली गलतियों के कारण रिजेक्ट कर दिए गए। कहीं नाम की स्पेलिंग में अंतर, तो कहीं दस्तावेज़ की स्कैन कॉपी स्पष्ट न होने जैसे कारणों को आधार बनाकर तो आय प्रमाण पत्र को लेकर भी स्कूलों ने आवेदन खारिज कर दिए। अभिभावकों का कहना है कि उन्हें इन त्रुटियों के बारे में समय रहते सही जानकारी नहीं मिल पाई, जिससे वे सुधार का मौका भी गंवा बैठे। हालांकि शिक्षा विभाग ने औपचारिक रूप से त्रुटियों में सुधार का मौका दिया और 9 अप्रैल तक पोर्टल भी खुला रखा, लेकिन इस राहत का लाभ बहुत कम अभिभावक उठा सके। ग्रामीण और गरीब तबके के कई अभिभावकों को यह तक पता नहीं चल पाया कि उनके बच्चों का आवेदन अधूरा या त्रुटिपूर्ण है।

## अभिभावकों में आक्रोश, विभाग मौन, ऑफलाइन आवेदन स्वीकार की मांग

इस पूरे घटनाक्रम ने अभिभावकों में गहरा असंतोष पैदा कर दिया है। उनका आरोप है कि आरटीई जैसी कल्याणकारी योजना, जिसका उद्देश्य गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा देना है, उसे निजी स्कूलों की मनमानी ने मजाक बनाकर रख दिया है। कई अभिभावकों ने बताया कि वे स्कूलों के चक्कर काटते रहे, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। वहीं, शिक्षा विभाग के अधिकारी इस मामले में स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आ रहे हैं। जिम्मेदारी स्कूलों को सौंपने के फैसले पर अब सवाल उठने लगे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी ने पूरी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। अभिभावकों ने अब मुख्यमंत्री से ऑफलाइन आवेदन स्वीकार करने की मांग उठाई है। अभिभावकों का कहना है कि जिन अभिभावकों के आय प्रमाण पत्र, बच्चों के आधार ओर जन्म प्रमाण पत्र में कमियां सामने आई है और उनका आवेदन सबमिट नहीं किया गया है। ऐसे अभिभावकों के दस्तावेजों को शिक्षा विभाग द्वारा ऑफलाइन स्वीकार किए जाए।

## नीति पर उठे सवाल

आरटीई कानून का मकसद समाज के कमजोर वर्गों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है, लेकिन मौजूदा हालात इस उद्देश्य के विपरीत दिखाई दे रहे हैं। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो यह योजना अपने मूल उद्देश्य से भटक सकती है। फिलहाल जरूरत है कि शिक्षा विभाग इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच करे, प्रभावित बच्चों को दोबारा मौका दे और प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाए। वरना 'शिक्षा का अधिकार' केवल कागजों तक सीमित रह जाएगा, और गरीब बच्चों के सपने यूं ही अधूरे रह जाएंगे।

### कोटा ग्रामीण एसपी ने की जनसुनवाई

# पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, त्वरित कार्रवाई के निर्देश



स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने शुक्रवार को सांगोद थाना परिसर में जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने थाने में मुकदमा दर्ज न होने, पुरानी शिकायतों पर पुलिस की निष्क्रियता और पुलिसकर्मियों के व्यवहार को लेकर गंभीर शिकायतें एसपी के सामने रखीं। एसपी ने मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही उचित समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई शुरू होने से पहले एसपी सुजीत शंकर ने थाना परिसर में पुलिसकर्मियों की बैठक ली और क्षेत्र की कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि थाने में शिकायत लेकर आने वाले किसी भी फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उसकी शिकायत पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक के बाद शुरू हुई जनसुनवाई में आमजन का हुजूम उमड़ पड़ा। कई फरियादियों ने थाने में परिवाद दर्ज नहीं करने की शिकायत की, तो कई लोगों ने आरोप लगाया कि पूर्व में दी गई शिकायतों पर पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों के रवैये और व्यवहार को लेकर भी एसपी से अपनी नाराजगी जाहिर की। लोगों की शिकायतें सुनने के बाद एसपी सुजीत शंकर ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस से जुड़ी जो भी शिकायतें जनसुनवाई में आती हैं, उन्हें तुरंत संबंधित एसएचओ को सौंप दिया जाता है।

उन्होंने व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया, 'एसपी कार्यालय का परिवाद सेल इन सभी शिकायतों का एक अलग रजिस्टर तैयार करता है। इस सेल द्वारा जनसुनवाई के परिवादों की लगातार मॉनिटरिंग की जाती है और नियमित रूप से फॉलोअप लिया जाता है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन की पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनका जल्द से जल्द निस्तारण करना है।

# अखिल भारतीय चौरसिया युवक-युवती परिचय सम्मेलन 12 अप्रैल को

## लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला को दिया निमंत्रण



स्मार्ट हलचल|कोटा

चौरसिया महासभा राजस्थान प्रांत के तत्वावधान में श्री चौरसिया समाज पंचायत एवं आर्थिक उत्थान समिति, कोटा द्वारा 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले अखिल भारतीय चौरसिया युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में 9 अप्रैल, गुरुवार रात्रि 9 बजे सम्मेलन समिति संयोजक एडवोकेट जितेंद्र चौरसिया के निवास पर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश कार्यालय एवं मीडिया प्रभारी कमलेश चौरसिया ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों के प्रभारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार की गई और जिम्मेदारियां सौंपी गई।

उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल, शनिवार को प्रातः 10 बजे चौरसिया छात्रावास परिसर में गायत्री हवन का आयोजन होगा, जबकि सायं 7 बजे चौरसिया महासभा राजस्थान प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा। इसी कार्यक्रम के दौरान 'सम्बन्ध सेतु' पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा।

बैठक में समिति अध्यक्ष सुरेंद्र चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, महामंत्री दीपक चौरसिया, कोषाध्यक्ष राधेश्याम चौरसिया, सम्मेलन संयोजक एडवोकेट जितेंद्र चौरसिया, सह संयोजक चंद्रप्रकाश चौरसिया, अध्यक्ष दिनेश चौरसिया (खेडली फाटक), सम्मेलन कोषाध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया (अडूसा), महामंत्री दिनेश चौरसिया (नयापुरा), सह कोषाध्यक्ष जगदीश चौरसिया (गैण्डोली), प्रदेश महामंत्री हेमंत चौरसिया, मीडिया प्रभारी कमलेश चौरसिया तथा युवा प्रकोष्ठ प्रभारी इंजीनियर मयंक चौरसिया सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

इससे पूर्व आयोजन समिति द्वारा लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, जिस पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आश्वासन दिया है।

# 41 जिलों के प्रसिद्ध व्यंजनों की प्रदर्शनी सहित 1011 आइटम, वर्ल्ड बुक में दर्ज हुआ नाम

स्मार्ट हलचल|लाखेरी



कस्बे में शुक्रवार को एक अनोखा पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। शहर के समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी स्वर्गीय प्रभुलाल गौड़(गौड़ साहब) के घर पर आयोजित बेबी शावर कार्यक्रम को अनोखे अंदाज में किया गया। जिसमें राजस्थान राज्य के 41 जिलों के प्रसिद्ध व्यंजनों को 41 जिलों के मानचित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। जो वहां के जिलों से प्रसिद्ध व्यंजनों को मंगाकर एवं बनाकर कार्यक्रम में रखा गया, एवं इसके साथ ही बेबी शावर कार्यक्रम में ससुराल पक्ष की ओर से आने वाले अनेक सामानों को रखा गया। इस कार्यक्रम में आने वाले सभी सामानों की संख्या 1011 रखी गई, जो अभी तक हुए बेबी शावर कार्यक्रमो में सबसे अधिक है। कार्यक्रम आयोजक जितेन्द्र गौड़ ने बताया कि बेबी शावर कार्यक्रम को वर्ल्ड रिकॉर्ड के तहत आयोजित किया गया, जिसका रिकॉर्ड एसीई बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं ओएमजी बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अभी तक विश्व का सबसे अधिक संख्या में 1011 सामानों को रखा गया एवं राज्य के 41 जिलों में प्रसिद्ध व्यंजनों को प्रस्तुत किया गया। ओएमजी बुक के प्रतिनिधि ने बताया कि विश्व में अभी तक ऐसा कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ जिसमें इतनी संख्या में बेबी शावर कार्यक्रम में 41 जिलों के प्रसिद्ध व्यंजनों के माध्यम से सामान रखे गए हैं।

इस कार्यक्रम में सामान खाद्य सामग्री, पेय पदार्थ, खिलोने, कपड़े, बिस्कुट, चोकलेट, कोल्ड ड्रिंक, मठरी, आदि बेबी शावर संबंधित सामान रखे गए। इस कार्यक्रम में ससुराल पक्ष की ओर से आए सामानों की खास बात यह है कि इन आइटमों की कंपनी भी अलग अलग है, और सभी आइटम अलग अलग है, कोई भी आइटम डबल नहीं है। इस दौरान ओएमजी बुक के प्रतिनिधि ज्ञानेंद्र सिंह हाड़ा ने इन सभी आइटमों की बारी बारी से गणना की, जो 1011 रही, उसके बाद प्रतिनिधि ने आयोजनकर्ता को बेबी शावर कार्यक्रम को प्रमाणित कर विश्व में बेबी शावर कार्यक्रम में सबसे अधिक आइटम का प्रमाणपत्र, मैडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया।

इस दौरान परिवार के लोगों ने इस कार्यक्रम की बड़ी प्रसन्नता की और बताया कि ऐसा बड़ा कार्यक्रम हमने अभी तक कहीं नहीं देखा। इस कार्यक्रम में उपस्थित परिवार एवं कस्बे के गणमान्य नागरिक इस पल के साक्षी बने। यह कार्यक्रम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के लिए आवेदन किया गया है, जो आवश्यक दस्तावेज के बाद प्रमाण पत्र जारी करेंगे।

# विविध कार्यक्रमों के साथ जागृति सप्ताह का हुआ समापन





स्मार्ट हलचल| बून्दी

महिला अधिकारिता विभाग, बूंदी के सहायक निदेशक भैरू प्रकाश नागर के निर्देशन में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागरूकता सप्ताह के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की केंद्र प्रबंधक पूर्णिमा गौतम एवं सामाजिक परामर्शदाता अक्षिता मिश्रण द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, विकास नगर, बूंदी में बालिकाओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान लाडो योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा योजना से संबंधित ब्रॉशर भी वितरित किए गए, जिससे बालिकाएं योजना के प्रति अधिक जागरूक हो सकें।

द्वितीय कार्यक्रम आंगनवाड़ी केंद्र, बम्बोरी में जाजम बैठक के रूप में आयोजित किया गया। इसमें विभाग की पर्यवेक्षक प्रमिला, सूचना सहायक राशि श्रृंगी एवं पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की सामाजिक काउंसलर सलोनी शर्मा द्वारा महिलाओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।

# साइबर ठगों का नया जामताड़ा कानपुर का रेउना

## 20 के बाद एक दर्जन अन्य युवकों की तलाश में जुटी पुलिस



स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** शार्टकट रास्ते से धनवान बनने की तमन्ना .बेरोजगार युवकों को साइबर अपराध के रास्ते पर ले जाने में सफल हो चुकी है ,जिसके फल स्वरुप कानपुर का रेउना थाना क्षेत्र भी साइबर ठगी के इसी रास्ते पर चल पड़ा है। इसकी पुष्टि तब हुई जब पुलिस ने यहां छापा मार कर साइबर ठगी के अपराध में लिप्त 20 युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मौके का फायदा उठाकर भाग जाने में सफल रहे अब पुलिस इन युवकों की भी तलाश कर रही है। यह साइबर ठग अबतक उत्तर प्रदेश के साथ ही मध्य प्रदेश, राजस्थान ,बिहार, झारखंड ,बंगाल ,उड़ीसा ,गुजरात और महाराष्ट्र समेत और भी कई राज्यों के सैकड़ो लोगों को निशाना बनाकर करोड़ों रुपए की ठगी करने में सफल हो चुके हैं। इनमें से अधिकांश लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ बनाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया गया है ।

फिलहाल पुलिस मामले की गहन छानबीन के साथ ही फरार चल रहे अन्य आरोपियों की भी तलाश लगातार कर रही है। इन साइबर ठगों को पकड़ने के लिए 20 गाड़ियों से दर्जनों पुलिसकर्मी अधिकारियों के साथ पहुंचे थे।

यहां पुलिस फोर्स ने ड्रोन की मदद से ट्रेसकर 20 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर गिरोह का राजफाश किया। गिरोह में शामिल पांचवीं से 11वीं पास शातिर फर्जी आईपीएस अधिकारी बन लोगों को चूना लगा रहे थे।

पुलिस ने बताया कि गिरोह अश्लील वीडियो देखने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहा था। पुलिस के मुताबिक इसी गिरोह 14 लोग अभी भी फरार हैं । उनती तलाश लगातार की जा रही है।

# विधायक ने अनुष्ठान में भाग लिया



स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभान सिंह आक्या शुक्रवार को कुम्भा नगर के महेश भवन में आयोजित अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता की पावन उपस्थिति में आयोजित महामंगलकारी अनुष्ठान में सम्मिलित हुए। विधायक आक्या ने अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता, साध्वी डॉ. महाप्रज्ञा, साध्वी डॉ. पद्मकिर्ति व साध्वी राजकिर्ति को श्रद्धापूर्वक नमन कर उनका आर्शीवाद प्राप्त करते हुए सर्वत्र खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होने प्रवचनो का लाभ लिया। इससे पूर्व विधायक आक्या के अनुष्ठान स्थल पर आने पर आयोजको द्वारा उनका मेवाड़ी पाग पहनाकर व उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया।

# खेड़ली मंडी समिति क्षेत्र में किसान पथ निर्माण को मिली प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति

स्मार्ट हलचल

**खेड़ली।** विधायक रमेश खींची की अनुशंसा पर कृषि विपणन विभाग, जयपुर द्वारा कृषि उपज मंडी समिति खेड़ली क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह निर्णय किसानों की सुविधा और आवागमन को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी समिति खेड़ली द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर 'किसान पथ' के निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई है। यह सड़क बड़िया-नांगली (टोडा) रोड से ग्राम चौकुटी, खेड़ली तक बनाई जाएगी, जिसकी कुल लंबाई 1.47 किलोमीटर निर्धारित की गई है। इस निर्माण कार्य के लिए 74.98 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। कार्य को सार्वजनिक निर्माण विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराया जाएगा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाएगा। मंडी समिति के सचिव एवं संबंधित अधिकारियों को कार्य की निगरानी एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में सुविधा होगी तथा ग्रामीण क्षेत्र में आवागमन और विकास को नई गति मिलेगी। स्थानीय किसानों एवं ग्रामीणों ने इस निर्णय पर खुशी व्यक्त करते हुए सरकार का आभार जताया है।

# युवा कांग्रेस संगठन की रीढ़, पार्टी को मिलती हैं मजबूती-इंसाफ

## कांग्रेस नेता हाजी इंसाफ अली रहे कस्बे के दौरे पर

स्मार्ट हलचल|हरसौर



शुक्रवार शाम कस्बे के दौरे पर आए प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी इंसाफ अली ने आमजन से मुलाकात कर उनके अभाव अभियोग सुने। हाजी इंसाफ अली ने सामाजिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस संगठन पार्टी की रीढ़ है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को अधिक मजबूती मिलेगी। युवाओं की ऊर्जा और समर्पण से ही संगठन को नई दिशा और गति मिलती है। कांग्रेस ने हमेशा से ही जमीनी कार्यकर्ताओं को ऊपर उठाया है।

संगठनात्मक चुनावों के माध्यम से सिफारिश या पहचान के बजाय संघर्ष और जनसमर्थन से नेताओं को चुनने की प्रक्रिया अपनाई जाती हैं।

कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र बीजेपी की अपेक्षा बहुत मजबूत है।सीडब्ल्यूसी की बैठकों में स्वतंत्र बहस, उम्मीदवारों का सर्वसम्मति से चयन, और 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान' के तहत बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाकर पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत कर रही है। ऐसी परम्परा केवल कांग्रेस पार्टी में ही दिखती हैं। भाजपा राज में गुंडागर्दी, अराजकता, महिला एवं दलित अत्याचार की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश की जनता बीजेपी को सबक सिखाने का इंतजार कर रही हैं। जनता राज्य की बीजेपी सरकार की झूठी नीतियों से त्रस्त हो चुकी है। पूरे प्रदेश में महिलाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाएं सामने आ रही है। मगर सरकार कार्रवाई के मूड में नहीं है। युवाओं, किसानों, बेरोजगारों, दलितों एवं मुस्लिमों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। जनता आने वाले समय का इंतजार कर रही है।

सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करने के बाद वें अजमेर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमीन खां, एनएसयूआई नेता मजीत कमांडो, डॉ दिलदार खान, अजीज मौलाना, सलीम खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जल ही जीवन का आधार के तहत रूड़ीप का सामुदायिक संवाद कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल|बूँदी



शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राज-स्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूड़ीप की अधिशाषी अभियंता दीप्ति पाटनी के निर्देशन मैं शहर के वार्ड संख्या 58 के स्याली पाड़ा मे सामुदायिक संवाद कार्यक्रम आयोजित कर परियोजना के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में कैप -आरयूआईडीपी के सचिन मुदगल ने आमजन को नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि नई जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत पानी मीटरयुक्त, पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेशर के साथ मिलेगा और आमजन से अपील कि पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें,आवश्कतानुसार ही जल का उपयोग करें । पानी की एक-एक बून्द बचाए आज की बचत कल का भविष्य है जल ही जीवन है। जल संरक्षण करना भविष्य के लिए बेहद जरूरी है जीवन जीने के लिए जल का संरक्षण और बचाव बहुत जरूरी होता है,क्योकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है पानी की जरूरत हमारे जीवन भर होती है।पानी प्रकृति का दिया हुआ उपहार है जिसका हमें सम्मान करना चाहिए।

इसी क्रम मै उन्होंने आमजन से अपील करी कि जिनके पास वैध कनेक्शन नहीं है वह जलदाय विभाग से पानी का वैध कनेक्शन लेवे तथा परियोजना के विकास कार्यों मे सहयोग प्रदान करे ताकि परियोजना कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके । इसके साथ ही शिकायत अथवा सुझाव के संबंध मै टोल फ्री नंबर 18003099842 के बारे मे अवगत कराया गया ।

इस कार्यक्रम मैं सीएमएससी के सोशल सेफ़गार्ड नरेश महावर ने अपने व्याख्यान मैं कहा कि पानी बचाने के साथ साथ हमें स्वच्छ और सुंदर बूँदी बनाने मैं अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी । घरों से निकलने वाले कचरे को इधर उधर ना फेंक कर नगरपरिषद द्वारा निर्धारित कचरा पॉइंट अथवा टिपर मैं ही डालें।

इस अवसर पर स्थानीय पार्षद कल्पना सेन तथा महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग प्रदान किया।

# राजस्व विभाग के आदेश पर कार्रवाई: बिना अनुमति पेड़ कटाई मामले में बिलोता पंचायत सरपंच पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

## तत्कालीन व वर्तमान तहसीलदार की जांच में विरोधाभास-संरक्षण के आरोपों से घिरा मामला

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिलोता क्षेत्र में बिना अनुमति हरे पेड़ काटने के गंभीर मामले में अब प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। तहसीलदार अलीगढ़ धर्मेन्द्र तसेरा द्वारा 9 अप्रैल 2026 को जारी राजस्व पत्र क्रमांक 13 के तहत सरपंच (प्रशासक) सुरेश मीणा पुत्र रामरतन मीणा निवासी खेड़ली को दोषी मानते हुए उपखंड अधिकारी उनियारा को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का पत्र जारी किया गया हैं।

जारी पत्र में तहसीलदार अलीगढ द्वारा बताया गया कि जिला कलेक्टर टोंक के प्रकरण तथा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर परिवादी पर्यावरण प्रेमी लोकेश मीणा निवासी खेड़ली बालाजी एवं जागरूक नागरिक आमजन सेवा समिति जिला टोंक द्वारा दर्ज शिकायतों के आधार पर मामले की जांच करवाई गई।जांच के दौरान हल्का पटवारी सहादतनगर देवकरण चौधरी ने मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश की, जिसमें ग्राम खेड़ली स्थित खसरा नंबर 243/448 (रकबा 0.25 हेक्टेयर) पर विकास कार्य के दौरान हरे पेड़ों की कटाई की पुष्टि हुई। प्रकरण में आरोपी सरपंच सुरेश मीणा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, जिसमें उन्होंने नाली निर्माण के दौरान पेड़ कटवाने की बात स्वीकार की, लेकिन इसके लिए किसी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी तथा जानकारी के अभाव में पेड़ कटवाए गये। इस पर तहसील प्रशासन ने कटे हुए पेड़ों को जब्त कर उनकी नीलामी करवाई, जिसमें 1000 रुपये जमा कराए गए। साथ ही सरपंच पर 1000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।मामले को गंभीर मानते हुए तहसीलदार ने स्पष्ट रूप से आरोपी सरपंच के खिलाफ एसडीएम उनियारा को मुकदमा दर्ज करने का पत्र लिखा हैं।




### जांच में विरोधाभास-उठे गंभीर सवाल

मामले में जांच प्रक्रिया को लेकर भी अब गम्भीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, 11 जून 2025 को तत्कालीन तहसीलदार सुश्री काजल मीणा (आरएएस) ने हल्का पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर सरपंच से पेड़ काटने की अनुमति मांगी थी, लेकिन उनके पास कोई वैध अनुमति नहीं थी। उस समय उन्हें दोषी मानते हुए भविष्य में पेड़ नहीं काटने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद 4 अगस्त 2025 को फिर से बिना अनुमति पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया। आरोप है कि उस समय नाली निर्माण का कोई उल्लेख नहीं किया गया था और पेड़ों से किसी प्रकार की बाधा भी नहीं थी। वहीं हाल ही में दिए गए जवाब में सरपंच द्वारा 'जानकारी के अभाव' में अनुमति नहीं लेने का हवाला दिया गया, जिसे बचाव का प्रयास माना जा रहा है। आरोप यह भी है कि तहसील स्तर वर्तमान कार्यवाहक तहसीलदार अलीगढ धर्मेंद्र तसेरा (नायब तहसीलदार) द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में नाली निर्माण का हवाला देकर मामले को कमजोर करने की कोशिश की गई, जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठे हैं।

### निष्पक्ष जांच की मांग तेज

परिवादी ने तहसील प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं तहसीलदार अलीगढ़ ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सीएमएचओ टोंक का आदेश: शिकायतों की जांच में लापरवाही पर सख्ती, आरोपी चिकित्सक को हटाया

स्मार्ट हलचल




**टोंक/उनियारा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा जारी आदेश संख्या 541 दिनांक 9 अप्रैल 2026 के अनुसार शिकायत संख्या 032605326096471 एवं 032605326109196 के संबंध में की गई जांच रिपोर्ट को अपूर्ण माना गया है और मामले में पुनः विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के अनुसार, दो परिवादियों द्वारा शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अलीगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर कार्यरत डॉ. रामजीलाल मीणा एवं डॉ. मधुसूदन शर्मा द्वारा अस्पताल समय के बाद अपने आवास पर निजी क्लिनिक संचालित कर मरीजों को महंगी जांच व दवाइयां लिखी जा रही हैं तथा मेडिकल स्टोर्स व निजी लेब से कमीशन लेने और बाहरी जांच लिखने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

सीएमएचओ ने स्पष्ट किया है कि अब तक प्रस्तुत जांच रिपोर्ट संतोषजनक नहीं पाई गई है। ऐसे में संबंधित चिकित्सकों द्वारा मरीजों को कमीशनखोरी की महंगी जांच लिखने, सरकारी अस्पताल में उपचार नहीं कर निजी क्लिनिक पर ईलाज करने तथा मरीजों से अधिक राशि वसूलने के आरोपों की पुनः गहन जांच कर टिप्पणी सहित रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी उनियारा को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि डॉ. रामजीलाल मीणा, चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगढ़ को अस्पताल समय में संस्थान पर उपलब्ध दवाइयों/जांचों के अतिरिक्त बाहरी दवाइयां व जांच लिखने के कारण प्राप्त शिकायत के आधार पर अग्रिम आदेशों तक कार्यव्यवस्था हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोप, खण्ड उनियारा में लगाया गया है। वहीं चिकित्सक डॉ. मधुसूदन शर्मा के खिलाफ जांच प्रक्रियाधीन है। सीएमएचओ ने आदेश की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर टोंक, संबंधित चिकित्सा अधिकारियों एवं कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है।

### जांच में तेजी के निर्देश-स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता पर जोर

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और मरीजों के हितों से समझौता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सेवा और सक्रियता का सम्मान

## मनीष व्यास बने अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल | ब्यावर

समाज सेवा, संगठनात्मक सक्रियता और जनहित के कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाने वाले पूर्व पार्षद मनीष व्यास को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण महासभा, पुष्कर द्वारा उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है।

इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की घोषणा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजमल पांडया ने की। व्यास की नियुक्ति उनके लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों में किए जा रहे निस्वार्थ कार्यों और उनके समर्पण को देखते हुए की गई है।

### बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी:

मनीष व्यास वर्तमान में राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद, ब्यावर के अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी कार्यकुशलता और



कुशल नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताते हुए महासभा ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके मार्गदर्शन में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और समाज कल्याण के कार्यों में और अधिक तेजी आएगी।

### क्षेत्र में खुशी की लहर:

नियुक्ति की खबर मिलते ही समाज बंधुओं और समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं विभिन्न संगठनों ने मनीष व्यास को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# जिला कलेक्टर ने की 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान' की समीक्षा, 2047 के विजन पर जोर

## गांव और शहरों के लिए बनेगा 'डायनामिक मास्टर प्लान', ब्यावर में अभियान की प्रगति की जांच

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान सरकार के विजन 'विकसित राजस्थान @ 2047' को धरातल पर उतारने के लिए ब्यावर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना की अध्यक्षता में 'मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान' की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

### 2047 तक का रोडमैप तैयार

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक गांवों और शहरी वार्डों का समावेशी विकास करना है। इसके लिए वर्ष 2030, 2035 और 2047 को ध्यान में रखते हुए



'डायनामिक मास्टर प्लान' तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

### डिजिटल तकनीक और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग

इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता तकनीक का समन्वय है। पीएम गतिशक्ति पोर्टल और डिजिटल मैपिंग के जरिए सभी परियोजनाओं की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। एसीईओ श्री गोपाल लाल ने जानकारी दी कि डाटा संकलन के लिए विशेष टूलकिट तैयार की गई है, जिसमें ग्राम पंचायतों के लिए 11 और शहरी वार्डों के लिए 10 सेक्शन शामिल हैं। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और औद्योगिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों का डेटा जुटाया जा रहा है।

### जनता के सुझावों से बनेगा प्लान

अभियान को केवल सरकारी स्तर तक सीमित न रखते हुए इसे जन-आंदोलन बनाने की कोशिश की जा रही है। वार्ड और ग्राम सभाओं के माध्यम से आमजन के सुझाव लिए जा रहे हैं, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास की योजना बनाई जा सके

### बैठक में उपस्थिति

वर्चुअल माध्यम से जुड़े उपखंड और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह सहित प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। यह अभियान 15 मई 2026 तक निरंतर जारी रहेगा।

# ब्यावर में 54 घंटे का जल संकट

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** स्थानीय निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है। बीसलपुर बांध परियोजना के तहत नसीराबाद-ब्यावर सेक्शन में पाइपलाइन के रखरखाव और आवश्यक मरम्मत कार्य के लिए विभाग द्वारा शटडाउन लिया जा रहा है।

### 54 घंटे का रहेगा शटडाउन

विभागीय जानकारी के अनुसार, यह शटडाउन 12 अप्रैल 2026 की रात 12:00 बजे से शुरू होकर 14 अप्रैल 2026 की सुबह 06:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान शहरी जल योजना ब्यावर और उससे जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सेवा पूरी तरह बाधित रहेगी।

जनता से अपील: जल प्रदाय विभाग ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे शटडाउन से पहले अपनी जरूरत के अनुसार पानी का पर्याप्त संग्रहण कर लें। साथ ही, उपलब्ध पानी का सीमित और मितव्ययिता के साथ उपयोग करें ताकि मरम्मत कार्य के दौरान किसी बड़ी किल्लत का सामना न करना पड़े। विभाग ने कार्य में सहयोग की अपेक्षा की है।

# हरनावदाशाहजी के विवेकानंद सर्किल पर वाटर कूलर से बड़ी राहत



स्मार्ट हलचल | हरनावदाशाहजी

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तपते मौसम के बीच कस्बे के विवेकानंद सर्किल स्थित नरेंद्र मेडिकोज प्रतिष्ठान द्वारा आमजन की सुविधा के लिए वाटर कूलर स्थापित कर एक सराहनीय पहल की गई है। इस व्यवस्था से अब दिनभर सर्किल से गुजरने वाले राहगीरों, मजदूरों, दुकानदारों और आसपास के लोगों को ठंडा पेयजल आसानी से उपलब्ध हो रहा है, जिससे लोगों को काफी राहत मिलगी।

गौरतलब है कि गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या अक्सर लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती है। ऐसे में सार्वजनिक स्थान पर वाटर कूलर की स्थापना न केवल राहत प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत कर रही है। खासकर दोपहर के समय जब तापमान चरम पर होता है, तब यह सुविधा राहगीरों के लिए वरदान साबित हो रही है।

प्रतिष्ठान के मालिक मोहनलाल खंडेलवाल ने बताया कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता। इसी भावना के साथ यह पहल की गई है, ताकि गर्मी में परेशान लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई जाएगी।

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस पहल की खुले दिल से सराहना करते हुए कहा कि समाज के सक्षम लोगों को इस तरह आगे आकर जनसेवा के कार्य करने चाहिए। इससे जरूरतमंदों को सीधी राहत मिलती है और समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

इस अवसर पर नरेंद्र मेडिकोज के संचालक नरेंद्र खंडेलवाल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने आमजन से अपील की कि वे पानी का सदुपयोग करें, अनावश्यक बर्बादी से बचें तथा वाटर कूलर के आसपास स्वच्छता बनाए रखें।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

## बैठक में पत्रकारों को बांटे गए प्रार्थना पत्र

स्मार्ट हलचल | खखरेरू फतेहपुर

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन खागा इकाई की बैठक शुक्रवार को पाण्या रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। बैठक में परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम, संगठन विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया। संगठन के परिचय पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में संगठन विस्तार पर गहन विचार विमर्श के बाद बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुमुद तिवारी तथा संचालन शिवशरण बंधू व प्रवीण पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश द्विवेदी ने संगठन को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारी व सदस्यों को संगठन के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहन करने की बात कही और तालाबों में हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए अपने कलम की धार को तेज करने की सलाह दी। वहीं तहसील अध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि संगठन हित में कार्य करने वाले सभी पदाधिकारी की रिपोर्ट प्रदेश स्तर को भेजी जाती है। सभी लोग खबरें लिखने में स्वयं पार्टी न बने। खबरों में जिम्मेदार अधिकारियों का बयान लेकर ही खबरों को लिखें। महामंत्री प्रशांत केसरवानी ने कहा कि संगठन की एक मासिक बैठक जरूर होनी चाहिए। बैठक में प्रमुख रूप से अशोक सिंह, अरूण केसकर , ओमप्रकाश द्विवेदी, रामनारायण विश्वकर्मा, बच्छराज सिंह, राकेश विश्वकर्मा कमलेश गुप्ता, मोईन, गोपी तिवारी, मुकेश द्विवेदी, नागेन्द्र त्रिपाठी, दीपक वैश, अनूप तिवारी, मुकेश द्विवेदी, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अमित मिश्रा, सुमित द्विवेदी,नीरज सिंह, राज सिंह यादव, दिनेश सिंह, अवधेश द्विवेदी, विकास त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# जैसलमेर प्रकरण को लेकर पत्रकारों का प्रदर्शन तेज, आईएफडब्ल्यूजे ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**सवाई माधोपुर।** जैसलमेर में वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र सिंह राठौड़ के साथ हुए कथित प्रशासनिक अत्याचार के विरोध में पत्रकारों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में 10 अप्रैल को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आईएफडब्ल्यूजे) से जुड़े पत्रकारों ने जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में पत्रकारों ने आरोप लगाया कि जैसलमेर में प्रशासन द्वारा लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र सिंह राठौड़ के साथ अन्यायपूर्ण और दमनकारी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि राठौड़ पिछले करीब 22 वर्षों से वैधानिक रूप से 'स्वाद रेस्टोरेंट' का संचालन कर रहे थे



और सभी सरकारी देयों का नियमित भुगतान कर रहे थे।

पत्रकारों का कहना है कि नवंबर 2025 में बिना किसी लिखित आदेश के मात्र मौखिक निर्देश पर रेस्टोरेंट खाली कराने का दबाव बनाया गया। इसके बाद न्यायालय से स्थगन आदेश मिलने के बावजूद प्रशासन ने कार्रवाई जारी रखते हुए गैस सिलेंडर जब्त कर किचन सील कर दिया। वहीं 17 मार्च 2026 को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों से रेस्टोरेंट को ध्वस्त कर दिया गया, जिससे करीब सवा करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

ज्ञापन में इस कार्रवाई को पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए कहा गया कि यह एक निर्भीक पत्रकार की आवाज दबाने का प्रयास है। साथ ही राज्य सरकार की चुप्पी पर भी चिंता जताई गई।

पत्रकारों ने बताया कि 29 मार्च को जयपुर में सैकड़ों पत्रकार मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे, लेकिन पूरे दिन इंतजार के बाद भी मुलाकात नहीं हो सकी। इसके विरोध में पिछले 13 दिनों से पत्रकार शहीद स्मारक पर धरना दे रहे हैं।

इस दौरान ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, महासचिव राजेश गोयल, प्रदेश प्रतिनिधि राजमल जैन, शादाब अली तथा अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

आईएफडब्ल्यूजे ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए, पीड़ित पत्रकार को हुए आर्थिक नुकसान का उचित मुआवजा दिलाया जाए तथा आपकी बालोतरा (पचपदरा) की प्रस्तावित यात्रा के दौरान के प्रतिनिधिमंडल को आपसे प्रत्यक्ष भेंट करने का 5 मिनट का समय प्रदान किया जाए, ताकि हम इस प्रशासनिक अन्याय के दस्तावेजी साक्ष्य आपके सम्मुख प्रस्तुत कर सकें।

# ब्यावर में डॉ. हैनीमेन की 271वीं जयंती पर विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, जिला मुख्यालय ब्यावर स्थित जिला नोडल कार्यालय में आज विश्व होम्योपैथी दिवस एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के संस्थापक डॉ. क्रिस्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमेन की 271वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

दीप प्रज्वलन व श्रद्धांजलि:

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक जिला आयुष अधिकारी डॉ. सी. पी. सेन एवं विशिष्ट अतिथि जिला आयुष चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पारस चौहान ने किया। यूनानी विभाग के डॉ. जसीम, डॉ. आशीष सोनी, डॉ. शोहेब अहमद और होम्योपैथी जिला नोडल अधिकारी डॉ. विरेन्द्र रावत ने डॉ. हैनीमेन के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर एवं माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का सफल संचालन होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुलिका सोनी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा सोनी द्वारा किया गया।



**चिकित्सा पद्धति पर चर्चा**

आयोजक व जिला नोडल अधिकारी डॉ. विरेन्द्र रावत ने होम्योपैथी के आविष्कार और भारत में इसके गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह यह पद्धति सदियों से मानवता की सेवा कर रही है। वहीं, डॉ. मधुलिका सोनी ने वर्तमान समय में होम्योपैथी की उपयोगिता, इसकी गुणवत्ता और कम खर्चीली व प्रभावी चिकित्सा के रूप में इसकी आवश्यकता पर विशेष व्याख्यान दिया।

इस अवसर पर आयुष विभाग के तीनों विंग (होम्योपैथी, आयुर्वेद व यूनानी) का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। नर्सिंग स्टाफ में ममता कुमारी, अनीता, कोमल, देवेंद्र, भूपेंद्र, धर्मिचंद, रविंद्र, सविता सेन, खुशनुमा, अनम, भंवर लाल, रामेश्वर, हुक्म सिंह व सपना ने सहभागिता की। कार्यालय स्टाफ से हिमांशु, दिलीप, सहायक लाड़ कँवर, सुशील, मेहरबान, कमलेश, गोपाल एवं आशा देवी भी उपस्थत रहे। डॉ. हैनीमेन का संदेश 'सिमिलिया सिमिलिबस क्यूरेंटुर' (समान से समान की चिकित्सा) आज भी चिकित्सा जगत का एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ बना हुआ है।

# ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस मनाएगी सामाजिक न्याय व सुरक्षा सप्ताह, फुले व अम्बेडकर जयंती पर होंगे विशेष कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 'संगठन बढ़ाओ - लोकतंत्र बचाओ अभियान' के तहत ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस आगामी सप्ताह को 'सामाजिक न्याय व सुरक्षा सप्ताह' के रूप में मनाएगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने बताया कि यह अभियान महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती (11 अप्रैल) से शुरू होकर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती (14 अप्रैल) तक चलेगा।

अजय शर्मा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों और पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव टालने की साजिश के खिलाफ जनता को जागरूक करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।


ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजय शर्मा

### साप्ताहिक गतिविधियों का विवरण:

11 अप्रैल: सतपुलिया स्थित ज्योतिबा फुले स्मारक पर सुबह 11 बजे पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा।

11 से 13 अप्रैल: दलित और पिछड़ी बस्तियों में जन-जागरण, सेवा कार्य और स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु संपर्क।

14 अप्रैल: अम्बेडकर जयंती के अवसर पर बस्तियों में जनसंवाद और समाज की प्रतिभाशाली विभूतियों का सम्मान।

ब्लॉक अध्यक्ष ने पार्टी के सभी अनुषांगिक संगठनों, पूर्व जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से इस अभियान को सफल बनाने और कांग्रेस की विचारधारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान किया है।



# दिल और दिमाग को रखे फिट तरबूज के बीज

गर्मी का मौसम यानी तरबूज का मौसम। बेशक गर्मियों में आप भी खूब तरबूज खाते होंगे, लेकिन उनके बीजों का आप क्या करते हैं? जैसा कि कहा जाता है कि 'आम के आम और गुठलियों के भी दाम' उसी प्रकार तरबूज का सेवन तो हमारे स्वास्थ्य और सौंदर्य दोनों के लिए फायदेमंद होता है, साथ ही इसके बीज भी बहुत गुणकारी होते हैं।

तरबूज के बीज मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड का एक अच्छा स्रोत हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी एजेंट के रूप में कार्य करते है तथा हृदय को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये स्ट्रोक और दिल के दौरे से बचाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम की मात्रा रक्तचाप को नियंत्रित करने तथा आयरन शरीर के विभिन्न भागों में उचित ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद करता है। अगर आप तरबूज के बीजों को फेंक देते हैं, तो आपको जरूर जानना चाहिए, तरबूज के बीजों से होने वाले खास 7 फायदे–

- तरबूज के बीजों को छीलकर अंदर की गिरी खाने से शरीर में ताकत आती है। मस्तिष्क की कमजोर नसों को बल मिलता है, टखनों के पास की सूजन भी ठीक हो जाती है। ये दिमाग और दिल को भी स्वस्थ रखने में कारगर है।
- इसमें मौजूद डायट्री फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करते हैं और पाचन संबंधी समस्याओं को समाप्त करने में सहायक होते हैं। कब्जियत की समस्या में भी यह बेहद लाभकारी है।
- पीलिया (जॉन्डिस) जैसी समस्याएं होने पर तरबूज के बीजों का सेवन बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके अलावा संक्रमण से बचाए रखने में भी मददगार है।
- इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद है। नसों के फैलने की समस्या में भी यह लाभकारी है और तनाव की अधिकता में इनका सेवन तनाव में कमी लाता है।
- तरबूज के बीजों से बनने वाली चाय का नियमित रूप से सेवन करने पर आप किडनी की समस्याओं से बचा जा सकता है। किडनी स्टोन या पथरी होने पर भी यह फायदेमंद है।
- तरबूज के बीजों को चबा–चबाकर चूसने से दांतों के पायरिया रोग में लाभ होता है।
- तरबूज के बीजों की गिरी में मिश्री, सौंफ, बारीक पीसकर मिलाकर खाने से गर्भ में पल रहे शिशु का विकास अच्छा होता है।
- तरबूज के बीज आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। यह आपके शरीर के अंगों को बेहतर बनाकर स्वास्थ्य रहने के लिए प्रेरित करते हैं। आप चाहें तो इन्हें किसी भी रूप में पकाकर खा सकते हैं, या फिर इसकी चाय भी पी सकते हैं।



# बहुत फायदे हैं जैतून के तेल के

जैतून का तेल शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होता है। जी हां, अन्य तेल के मुकाबले यह बहुत अधिक फायदे का सौदा है। शरीर पर नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर को बाहरी ओर से भी कई लाभ मिलते हैं। जैतून के तेल में विटामिन ई, विटामिन के, ओमेगा–3 फैटी एसिड, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट सहित कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इस तेल को शरीर पर भी लगाया जाता है और सेवन भी किया जाता है। इसके सेवन से कैंसर जैसी बीमारी में आराम मिलता है। डायबिटीज मरीजों के लिए भी यह फायदेमंद है।

## याददाशत बढ़ाएं

जैतून के तेल में पॉलीफेनोल तत्व मौजूद होता है। जिसके सेवन से याददाशत संबंधित परेशानी में आराम मिलता है।

## कैंसर में राहत

कैंसर एक जीवन घातक बीमारी है। खाने में इसका सेवन करने से कैंसर संबंधित बीमारी को कम किया जा सकता है। इसमें विटामिन डी, विटामिन ई, विटामिन ए और बी–कैरोटीन मुख्य रूप से पाया जाता है।

## त्वचा को बनाएं चमकदार

बेजान स्किन को चमकदार बनाने के लिए जैतून के तेल से रोजाना अच्छे से मालिश करें। एक सप्ताह बाद ही आपकी ड्राई स्किन से आपको निजात मिल जाएगी।

## दर्द में राहत

हड्डियों में लगातार दर्द होने पर आप जैतून के तेल से भी मालिश कर सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व से आपको आराम मिलेगा। ऑस्टियोपोरोसिस में राहत मिलेगी।

## बालों को बनाएं मजबूत

जैतून के तेल में विटामिन ई मौजूद होता है। जो बालों के लिए सबसे जरूर तत्व है। इससे बाल मजबूत रहते हैं। जैतून का तेल बालों में कंडीशनर का काम करता है। आप तेल लगाकर गर्म पानी की भाप ले सकते हैं। जिससे बाल शाइनी और मजबूत होंगे।



# गीली-सूखी मिट्टी की सौंधी सुगंध के अलावा कई अचूक फायदे हैं

अक्सर देखा जाता है कि जब कोई जानवर बीमार होता है तो रोग की दशा में पृथ्वी की शक्ति का वह खास तौर पर उपयोग करता है। घायल हुए जानवर तालाब या पोखर के कीचड़ में जा लेटते हैं और अपने आप को स्वस्थ बना लेते हैं।

## गीली मिट्टी के लाभकारी प्रयोग

महीन पिसी हुई मिट्टी को पानी के साथ घोलकर कीचड़ जैसा बना लें एवं उसको शरीर पर लेपकर सुखा लीजिए, कुछ देर बाद मिट्टी सूखने लगती है। फिर ठंडे या गुनगुने पानी से स्नान कर लेने से अनेक रोग दूर हो जाते हैं।

## मिट्टी चिकित्सा के अन्य प्रयोग

रोग होने पर आवश्यकतानुसार निम्नलिखित प्रयोगों से उपचार किया जाता है।
(1) मिट्टी की गरम पट्टी (2) मिट्टी की ठंडी पट्टी (3) गरम मिट्टी की पट्टी (4) रज स्नान (5) पंक स्नान (6) बालू भक्षण।

## सूखी मिट्टी के लाभकारी प्रयोग

बिजली के मारे या सांप के काटे हुए व्यक्ति को यदि जमीन में करीब दो हाथ गहरा गड्ढा खोदकर उसमें बैठा दिया जाए और गीली मिट्टी से गर्दन और सिर खुला रखकर उसे भर दिया जाए तो 1 से 24 घंटे तक में रोगी के शरीर से जहर निकल जाएगा और वह मरने से बच जाएगा। शुद्ध साफ मिट्टी को कपड़ा छानकर लीजिए और उसे पूरे अंग पर रगड़िए। पूरे शरीर पर रगड़ने के बाद 10 से 20 मिनट धूप में बैठ जाइए। तत्पश्चात शीतल जल से स्नान कर लें। यह सूखी मिट्टी का स्नान है।

**लाभ** – त्वचा नरम, लचीली एवं कोमल हो जाती है। रोमकूप खुल जाते हैं। इससे शरीर के विजातीय तत्व पसीने के रूप में बाहर आने लगते हैं। त्वचा के छिद्र भरपूर श्वास लेने लायक हो जाते हैं जिससे त्वचा के अनेक रोग, चर्मरोग, दाद, खाज–खुजली, फोड़े–फुंसियां दूर होने लगती हैं। आयुर्विज्ञान में इसको रज स्नान कहा गया है।

छान्दोग्य उपनिषद् में मिट्टी को अन्य पंच तत्वों जल, पावक, गगन तथा समीर का सार कहा गया है। स्वास्थ्य सौन्दर्य और दीर्घायु का मिट्टी से प्रगाढ़ सबंध होता है। मिट्टी में अनेक रोगों के निवारण की अद्भुत क्षमता होती है। मिट्टी में अनेकों प्रकार के क्षार, विटामिन्स, खनिज, धातु, रासायन रत्न, रस आदि की उपस्थिति उसे औषधीय गुणों से परिपूर्ण बनाती है। औषधियां कहां से आती है? जबाब होगा पृथ्वी, मतलब सारे के सारे औषधियां के भंडार होता पृथ्वी। अत- जो तत्व औषधियों में है, उनके परमाणु पहले से ही मिट्टी में उपस्थित रहते हैं। मिट्टी कई प्रकार की होती है तथा इसके गुण भी अलग–अलग होते हैं। उपयोगिता के दृष्टिकोण सें पहला स्थान काली मिट्टी का है, उसके बाद पीली, सफेद और उसके बाद लाल मिट्टी का स्थान है। मिट्टी के विभिन्न प्रकारों और उनकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर मिट्टी का चयन करना चाहिए। इसके उपयोग के पहले कुछ बातें जरूर ध्यान में रखें...

- मिट्टी चाहे किसी भी रंग या प्रकार की हो, उसका प्रयोग करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि वह साफ–सुथरी हो, उसमें कंकड़, पत्थर, तिनके आदि न हों।
- जहां से मिट्टी लें वह स्थान भी साफ सुथरा होना चाहिए किसी कूड़े के ढेर के पास से मिट्टी न लें। यदि किसी खेत से मिट्टी ली जाए तो एक या डेढ़ फीट जगह खोदकर ही लेनी चाहिए।
- तालाब या नदी के तट की मिट्टी बहुत लाभदायक होती है। दो पकार की मिट्टियों को मिलाकर भी प्रयोग किया जा सकता है। बालू मिश्रित मिट्टी बहुत उपयोगी होती है।

## विभिन्न किस्म की मिट्टी के प्रयोग



### काली मिट्टी

यह मिट्टी चिकनी और काली होती है। इसके लेप से ठंडक पहुंचती है। साथ ही यह विष के प्रभाव को भी दूर करती है। यह सूजन मिटाकर तकलीफ खत्म कर देती है। जलन होने, घाव होने, विषैले फोड़े तथा चर्मरोग जैसे खाज में काली मिट्टी विशेष रूप से उपयोगी होती है। रक्त के गंदा होने और उसमें विषैले पदार्थों के जमाव को भी यह मिट्टी कम करती है। पेशाब रुकने पर यदि पेडू के ऊपर (पेट की नीचे) काली मिट्टी का लेप किया जाता है तो पेशाब की रुकावट समाप्त हो जाती है और वह खुलकर आता है। मधुमक्खी, कनखजूर, मकड़ी, बर्रे और बिच्छू के द्वारा डंक मारे जाने पर प्रभावित स्थान पर तुरंत काली मिट्टी का लेप लगाना चाहिए इससे तुरंत लाभ पहुंचता है।

### पीली, सफेद व लाल मिट्टी

तालाबों तथा नदियों के किनारे पाई जाने वाली यह मिट्टी भी काली मिट्टी के समान ही लाभकारी होती है। सफेद मिट्टी से होने वाले लाभ भी पीली मिट्टी के समान ही हैं। लाल मिट्टी पहाड़ों पर मिलती है। इसके लाभ सफेद मिट्टी से कुछ कमतर होते हैं।

### सज्जी मिट्टी

इस मिट्टी के प्रयोग से शरीर की पूरी तरह सफाई हो जाती है। यदि हड्डियां भंगुर और टूटती–सी प्रतीत होती हों तो इस मिट्टी के लेप से बहुत लाभ होता है। जोड़ों के दर्द में इस मिट्टी के लेप से विशेष लाभ पहुंचता है।

### गेरू मिट्टी

लाल रंग की इस मिट्टी का प्रयोग मिट्टी खाने वाले बच्चों को मिट्टी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए किया जाता है। गेरू को घी में तलकर शहद मिलाकर देने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार आता है। जिनका स्वास्थ्य मिट्टी खाने की आदत के कारण बिगड़ गया है।

### गोपी चन्दन

सफेद रंग की मिट्टी का लेप मस्तक पर लगाने से दिमाग की गरमी दूर होती है। सिर चकराने तथा सिर दर्द जैसी समस्याओं का निवारण भी इससे हो जाता है। मुंह में छाले होने की स्थिति में, पहले इस का लेप लगाना चाहिए तथा आधे घंटे बाद सादे पानी से कुल्ले कर लेने चाहिएं, छाले दूर हो जाएंगे।

### मुल्तानी मिट्टी

गर्मियों में होने वाली घमौरियों के उपचार में मुल्तानी मिट्टी अचूक औषधि है। शरीर पर इसका पतला–पतला लेप खून की गर्मी को कम करता है। उबटन की तरह मुल्तानी मिट्टी का पयोग सुख और शरीर की कान्ति बढ़ाता है। तेज बुखार में तापमान तुरंत नीचे लाने के लिये सारे शरीर पर इसका मोटा–मोटा लेप करना चाहिए। सौंदर्य के लिए इसका विोष प्रयोग होता है।

### बालू

नदी या समुद किनारे की बालू शरीर की जलन, ताप तथा दाह को शांत करती है। सिर तथा मुंह को छोड़कर, सारे शरीर पर बालू चढ़ाकर घंटे भर पड़ा रहना, घबराहट, शारीरिक ताप, जलन और दाह को दूर करने का सबसे अच्छा उपाय है। आधी चिकनी मिट्टी और आधी बालू मिलाकर बनाए गए लेप की पट्टी बहुत लाभदायक होती है।



# ब्रेकफास्ट में खाएं कच्चा पनीर, पिघलेगी चर्बी

**आमतौर पर हम सभी जानते हैं कि हेल्दी ब्रेकफास्ट दिन की शुरूआत करने का सबसे अच्छा तरीका है। ब्रेकफास्ट का साफ मतलब है फास्ट को ब्रेक करना। दरअसल, जब हम रात में सोते हैं, तो हमारी बॉडी 8 से 10 घंटे के फास्ट पर रहती है। इसलिए सुबह उठने के बाद शरीर को पोषण की जरूरत होती है। नाश्ते में कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेने से मेटाबोलिज्म बढ़ता है। सिर्फ यही नहीं वजन भी कंट्रोल होता है और हड्डियां मजबूत होती हैं। हेल्दी ब्रेकफास्ट करने से जल्दी भूख नहीं लगती है। इसके लिए पनीर को एक बढ़िया ऑप्शन माना जाता है।**

पनीर में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। नाश्ते में इसका सेवन करने से लंबे समय तक पेट भरा रहता है। इसके अलावा यह धीरे–धीरे पचता है। साथ ही GLP-1, PYY और CCK हार्मोन को बढ़ाता है। प्रोटीन के अलावा पनीर में फैट, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम पाया जाता है। यह सेहत के लिए फायदेमंद है।

## पूरे दिन रखे एक्टिव

पनीर कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह वजन को कंट्रोल करता है और पूरे दिन हमें एक्टिव रखता है। रोजाना ब्रेकफास्ट में 150 से 200 ग्राम पनीर का सेवन करने से सेहत अच्छी रहती है। दिन की शुरूआत करने के लिए पनीर हेल्दी ऑप्शन है।

## कम कार्बोहाइड्रेट

गाय के दूध के 100 ग्राम पनीर में 12 ग्राम कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। यह वजन घटाने वालों के लिए फायदेमंद है। पनीर का सेवन करने से बॉडी फैट नहीं बढ़ता है। 28 ग्राम पनीर में लगभग 825 कैलोरी पाई जाती है।

## कैल्शियम से भरपूर

दांतों और हड्डियों को मजबूत रखने के लिए हमारे शरीर को पर्याप्त कैल्शियम की आवश्यकता होती है। पनीर में भरपूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है। यह हड्डियों को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

## वजन घटाने में फायदेमंद

मोटापा कम करने के लिए अधिक मात्रा में प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। इससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती और बार–बार खाने की इच्छा नहीं होती है। शाकाहारी लोगों के लिए पनीर एक बेहतर विकल्प है।

## रोगों को करे दूर

डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए पनीर फायदेमंद है। इसमें ओमेगा 3 अधिक मात्रा में पाया जाता है जो बच्चों के मानसिक विकास के लिए अच्छा है। इसके अलावा यह हृदय रोगियों के लिए भी फायदेमंद है। पनीर ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। इसलिए वजन घटाने और हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए रोजाना नाश्ते में पनीर का सेवन करना चाहिए। इससे शरीर को पर्याप्त कैल्शियम मिलता है।



# कैंसर से बचाता है मूली का सेवन

कैंसर से बचाव में मूली खासी मददगार साबित हो सकती है। द वर्ल्ड कैंसर रिसर्च फंड (डब्ल्यूसीआरएफ) और अमेरिकन इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर रिसर्च के हालिया अध्ययन में यह दावा किया गया है। दरअसल, शोधकर्ताओं ने मूली में भारी मात्रा में 'ग्लूकोसाइनोलेट' और 'आइसोथायोसाइनेट' की मौजूदगी दर्ज की है। ये दोनों ही यौगिक न सिर्फ कैंसर कोशिकाओं के विकास में बाधा डालते हैं, बल्कि उनके खात्मे की प्रक्रिया को भी गति प्रदान करते हैं। मूली 'सिनिग्रिन' नाम के एक एंटीऑक्सीडेंट से भी लैस होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट फ्री–रैडिकल के उत्पादन पर लगाम लगाने में अहम भूमिका निभाता है। मुख्य शोधकर्ता एडम चैपमैन के मुताबिक फ्री–रैडिकल स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं। ये कोशिकाओं में अनियंत्रित विभाजन का भी सबब बनते हैं, जिससे ट्यूमर पनपने का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन में 500 प्रतिभागी शामिल हुए। आधों की रोजमर्रा की डाइट में मूली शामिल की गई। वहीं, बाकियों को सामान्य खानपान जारी रखने की छूट की गई। चार महीने बाद नियमित रूप से मूली का सेवन करने वाले प्रतिभागियों में फ्री–रैडिकल के उत्पादन में भारी कमी देखी गई। इससे उनके आंत, फेफड़े और पेट के कैंसर का शिकार होने का जोखिम भी काफी हट तक घट गया।

# आइसक्रीम खाने से कम होता है तनाव और मोटापा



मौसम कोई भी आइसक्रीम खाने तो मजा ही कुछ और है। आइसक्रीम कई प्रकार के फ्लेवर में आती है जिसका टेस्ट बहुत यम्मी–यम्मी स्वाद होता है और आइसक्रीम का नाम सुनते ही बच्चों से लेकर बडों तक के मुंह में पानी आ जाता है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आइसक्रीम हमारी सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। आइसक्रीम में विटामिन, कैल्शियम व प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। एक रिसर्च के अनुसार सुबह–सुबह नाश्ते में आइसक्रीम खाना दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। ये अध्ययन क्योंरीन यूनिवर्सिंटटी के प्रोफेसर कोगा के सहयोग से की गई। जिसमें कहा गया है कि सुबह उठकर आइसक्रीम खाने से मानसिक तौर पर तनाव कम देखा गया। रिसर्च में एक ऐसे व्यक्ति के दिमाग की सक्रियता की तुलना की जिसे तुरंत सुबह उठने के बाद आइसक्रीम दी गई। इसके अलावा एक ऐसे व्यक्ति के ब्रेन की गतिविधियों को भी देखा गया जिसे सुबह नाश्ते में आइसक्रीम नहीं दी गई। अध्ययन में पता चला कि जिस व्यक्ति को सुबह आइस्क्रीम दी गई थी उसकी सक्रियता बेहतर थी। प्रोटीन–मिल्क के अन्य उत्पादों की तरह आइसक्रीम प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है। प्रोटीन से बॉडी के हर पाटर्सम़ांसपेशियां, त्वचा, हड्डियों, ब्लड के लिए लाभ होता है। प्रोटीन खाने से ऊतक और मांसपेशियां स्ट्रॉन्ग होती है। विटामिन स्त्रोत–आइसक्रीम में विटामिन ए, बी–2 और बी–12 खूब पाये जाते हैं। विटामिन ए, स्किन, बॉन्स, रोगप्रतिरोधक क्षमता के लिए बेस्ट होता है। विटामिन ए आंखों की रोशनी बढाता है। विटामिन ए से मजबूत हडिड्यां, स्वस्थ त्वचा, स्वस्थ दांत, व आंखें, बाल की देखभाल विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है इसकी एक संतुलित मात्रा शरीर में जानी चाहिए, क्योंकि यह शरीर में एकत्र होता रहता है यदि हमारे शरीर में विटामिन ए की अधिक मात्रा ऊतकों को आक्सीराइज्ड करती है तथा अधिक उम्र कारण बनती है व्यक्ति अपनी उम्र से अधिक दिखने लगता है। आइसक्रीम खाने से शरीर में कैल्शियम की मांग पूरी हो जाती है परन्तु कैल्शियम की शरीर में पूर्ति के लिए दूध के अलावा दूध से बने पदार्थ मक्खन, आइसक्रीम पनीर, दही आदि का सेवन करना चाहिए। कैल्शियम केवल हड्डियों के लिए नहीं होता है बल्कि यह मोटापा भी घटाता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com